देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी

Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 | वर्ष-13 अंक-250 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6






## ब्रीफ न्यूज

### सोना पहली बार 96 हजार के पार

**नई दिल्ली।** सोने के दाम ने सोमवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,677 बढ़कर 96,587 पर बंद हुआ। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 94,910 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,049 बढ़कर 96,200 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,151 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है।

### मंदिर की दीवार पर खालिस्तानी नारे लिखे

**ओटाया।** कनाडा के सरे शहर स्थित प्रतिष्ठित लक्ष्मी नारायण मंदिर की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए हैं। यह घटना ऐसे समय पर हुई जब सरे में वार्षिक नगर कीर्तन का आयोजन होना था। मंदिर की बाहरी दीवारों पर स्प्रे पेंट से खालिस्तान जिंदाबाद और फ्री पंजाब के अलावा अन्य भड़काऊ नारे लिखे पाए गए। घटना के तुरंत बाद मंदिर प्रशासन ने पुलिस को सूचित किया और एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस विभाग ने घटना को संभावित घृणा अपराध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

### आईईडी ब्लास्ट...एक जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक जवान मनोज पुजारी शहीद हो गया। बताया जा रहा है कि जवान रविवार सुबह तोयनार-फरसेगढ़ मार्ग पर सड़क निर्माण की सुरक्षा में तैनात थे, तभी बम पर पैर पड़ने से धमाका हुआ है। मामला तोयनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मनोज पुजारी (26) छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के 19वीं बटालियन पर थे। घटना तोयनार से करीब 4 किलोमीटर दूर मोरमेड के जंगल में हुई। सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों की टुकड़ियां घटनास्थल की ओर रवाना की गईं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

### इसरो को दूसरी बार डॉकिंग में कामयाबी

**नई दिल्ली।** इसरो ने दूसरी बार अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट्स की सक्सेसफुली डॉकिंग की है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब दोबारा डॉकिंग की सफलता के बाद, आने वाले दो हफ्तों में और भी वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा- यह मिशन भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी में स्वदेशी क्षमताओं का एक अहम उदाहरण बनकर उभरा है। दरअसल, इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को पीएसएलवी-सी60 / स्पेडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। 16 जनवरी को सुबह 6:20 बजे सेटेलाइट्स का पहला डॉकिंग हुआ था। फिर 13 मार्च को सुबह 9:20 बजे सफलतापूर्वक इसे अनडॉक किया गया।

### पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को एक बार फिर राहत हेते हुए दो मई को दिल्ली पुलिस के सामने पेश होने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी वी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। बता दें कि खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में धोखाधड़ी की और ओबीसी और दिव्यांग कोटे का गलत फायदा उठाया। हालांकि खेडकर ने अपने खिलाफ सभी आरोपों का खंडन किया है।

### राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग

**जम्मू।** कांग्रेस की जम्मू और कश्मीर इकाई 22 अप्रैल को संविधान बचाओ अभियान शुरू करेगी। कांग्रेस राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग भी कर रही है। यह अभियान डेढ़ महीने तक चलेगा।

# मुरादाबाद को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड, सुगम्य पुस्तकालय को देशभर में पहला स्थान, योगी ने दी बधाई



**मुरादाबाद।** दिव्यांगजनों को ज्ञान और संसाधनों तक समान पहुंच देने की मुरादाबाद प्रशासन की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। लोक सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड (नवाचार श्रेणी) से सम्मानित किया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

देशभर से आए 1588 नामांकनों में से केवल 16 पहलों का चयन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश से मात्र मुरादाबाद को स्थान मिला। इससे पहले यह पुस्तकालय परियोजना मुख्यमंत्री राज्य पुरस्कार भी हासिल कर चुकी है। इस सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना दिव्यांगजनों को ध्यान में रखकर की गई है।

जिससे वह बिना किसी कठिनाई के अध्ययन व पुस्तकों का उपयोग कर सकें। इस परियोजना में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की भूमिका भी रही। कार्यक्रम के दौरान सीडीओ सुमित यादव भी उपस्थित रहे। पुरस्कार की घोषणा से पहले केंद्र सरकार की टीम ने जिले की चार पुस्तकालयों का गहन सत्यापन किया था।

टीम ने दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं, तकनीकी सुगमता और पुस्तकालय की पहुंच को आधार बनाकर मुरादाबाद को इनोवेशन श्रेणी में चुना। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि यह पहल समाज के हर वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजनों तक शिक्षा और जानकारी की सुगमता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

#### प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण : योगी

लोक सेवा दिवस के मौके पर मुरादाबाद को दिव्यांगजनों के लिए स्थापित सुगम्य पुस्तकालय की पहल के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजे जाने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुशी जताई है। उन्होंने इसे 25 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण बताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिविल सेवा दिवस के अवसर पर मुरादाबाद जनपद को दिव्यांगजन सुगम्य पुस्तकालय पहल के लिए नवाचार श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया जाना पूरे प्रदेश के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समाज के प्रत्येक वर्ग तक ज्ञान की सहज और समान पहुंच सुनिश्चित करने की उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता की एक झलक है।

यह पहल न सिर्फ दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरणादायक है, बल्कि उन्हें नई आशा और आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर करती है। मुख्यमंत्री ने इस सराहनीय कार्य के लिए मुरादाबाद प्रशासन, पुस्तकालय टीम और जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफलता अन्य जनपदों के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत बनेगी।

### वारिस पंजाब दे ग्रुप में चैट... वीडियो से खुला राज

#### अमित शाह को मारने की साजिश

**मोगा ( पंजाब )।** पंजाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की साजिश रची जा रही है। वहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी निशाने पर हैं। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब एक वाट्सएप ग्रुप की चैट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद पंजाब पुलिस भी हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की। मामले की जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## कोबरा कमांडो ने 08 नक्सली कर दिए ढेर, हाईटेक हथियारों का जखीरा बरामद



**बोकारो।** झारखंड के बोकारो में कोबरा कमांडो और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। कई घंटों से चल रही इस मुठभेड़ में 08 नक्सली ढेर हो गए। उनके पास से सुरक्षा बलों ने अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए हैं। खबर लिखे जाने तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी थी। अधिकारियों ने बताया कि झारखंड के बोकारो जिले में आज सुबह सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो और झारखंड पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ जिले में लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है।उन्होंने बताया कि 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवानों ने अभियान शुरू किया जिसमें छह नक्सली मारे गए और दो इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) एवं एक पिस्तौल बरामद की गई। अधिकारियों बताया कि इस मुठभेड़ में किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है। कोबरा सीआरपीएफ की स्पेशल यूनिट है, जो जंगल युद्ध संबंधी रणनीति में दक्षता के लिए जानी जाती है।

## हिमाचल की राजनीति में वापसी पर नड्डा का जबाव, मैं एक जिम्मेदार पद पर हूं



**नई दिल्ली।** बीजेपी के नए अध्यक्ष के चुनाव की संभावनाओं के बीच पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में वापसी से इंकार किया। फरवरी 2020 में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने और तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से विस्तार पा रहे नड्डा ने कहा कि मैं एक जिम्मेदार पद पर हूं और राज्य में वापस आने की कोई संभावना नहीं है।

सूत्रों ने बताया था कि बीजेपी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आने वाले दिनों में कई राज्य इकाइयों के प्रमुखों को चुनने की प्रक्रिया में जुटी है। पार्टी के एक नेता ने बताया था कि कुछ राज्यों में नियुक्ति होने के बाद,राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। नड्डा ने कहा कि प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव जल्द ही होगा।

इस दौरान नड्डा ने आरोप लगाया कि हिमाचल सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है। उन्होंने दावा किया कि सुक्खू सरकार ने नेशनल हेराल्ड को करोड़ों रुपये के विज्ञापन दिए हैं, जिसका प्रकाशन तक नहीं हो रहा है। नड्डा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार राज्य में यह झूठा विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है कि केंद्र राज्य को धन नहीं दे रहा है और सीएम को हिमाचल की कोई चिंता नहीं है।

### खाई में गिरी टेम्पो-ट्रैक्स, 6 की मौत

**रायसेन।** रायसेन में भोपाल-जबलपुर रोड पर सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना बम्होरी ढाबे के पास बंदर वाली पुलिया के पास सोमवार सुबह 6.30 से 7 बजे के बीच की है। टेम्पो ट्रैक्स (तूफान) पहले पुलिया से टकराई, इसके बाद 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी में कुल 9 लोग सवार थे। एसपी पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक हादसे में दो महिलाओं, एक बच्ची और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। बाड़ी एसडीओपी अदिति सक्सेना ने बताया कि गाड़ी जबलपुर से इंदौर की ओर जा रही थी। घायलों को सुल्तानपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायसेन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये लोग इंदौर के रहने वाले थे। परिवार शादी करवा कर बिहार के सुपौल जिले से लौट रहा था।

## भारतीय एयरलाइंस के खिलाफ आयकर विभाग की कार्रवाई

### इंडिगो सहित तीन विमान कंपनियों को 1500 करोड़ का नोटिस, शेल कंपनियों से टैक्स बचाने का आरोप




**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स विभाग ने इंडिगो समेत तीन डोमेस्टिक एयरलाइन कंपनियों और उनसे जुड़े 15 इंटरनेशनल विमान लेसर्स (लीज पर विमान देने वाली कंपनियों) को 1,500 करोड़ रुपए का टैक्स नोटिस भेजा है।

आयकर विभाग ने इन पर आयरलैंड में बनी कागजी कंपनियों (शेल कंपनियों) के जरिए टैक्स बचाने का आरोप लगाया है। ये नोटिस अक्टूबर 2024 और मार्च 2025 में भेजे गए थे। टैक्स में हेरफेर का यह मामला 2021-22 और 2022-23 के वित्तीय वर्षों से जुड़ा है।

#### शेल कंपनियों से टैक्स में हेराफेरी का आरोप

दरअसल, टैक्स अधिकारियों का कहना है कि एयरलाइंस ने विमानों को किराए पर लेने के लिए आयरलैंड में स्पेशल पर्पज व्हीकल नाम की शेल कंपनियां बनवाईं, जिनका असल में कोई कारोबार, ऑफिस या कर्मचारी नहीं है। इनका मकसद सिर्फ आयरलैंड-भारत के बीच टैक्स संधि का फायदा उठाकर भारत में टैक्स चुकाने से बचना था। हालांकि कंपनियों ने इसे गलत बताते हुए कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। वहीं, आयरलैंड सरकार ने भी अपने लेसर्स का बचाव करते हुए कहा है कि उनकी कंपनियों को शेल बताने के आरोप गलत हैं। वे असली कंपनियां हैं।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग, सुप्रीम कोर्ट का तंज

#### आप चाहते हैं राष्ट्रपति को निर्देश दें, हम पर कार्यपालिका में दखल के लग रहे आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआई बनने वाले हैं।

गौरतलब है कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में हिंसा हुई है, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। वकील विष्णु शंकर जैन ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष याचिका पेश की, जिसके बाद याचिका को मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया।

याचिका में ये भी मांग की गई है कि बंगाल में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की जाए और साथ ही रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति बनाकर हिंसा की जांच की जाए।

### नहीं रहे पोप फ्रांसिस

#### वेटिकन सिटी में 88 साल की उम्र में निधन, लंबे समय से बीमार थे

**नई दिल्ली।** ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है। 88 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वह लंबे समय से बीमार थे। वेटिकन ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि वह रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी धर्मगुरु थे। उनके दोनों फेफड़ों में न्यूमोनिया था, जिसकी वजह से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। वह लंबे समय तक अस्पताल में थे वह 38 दिनों तक अस्पताल में रहे थे और हाल में ही अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे। उनका अपने आवास कासा सेंटा मार्टा पर निधन हुआ।

पोप फ्रांसिस ने रविवार को ईस्टर के मौके पर सरप्राइज पब्लिक एपीयरेंस दी थी। उन्होंने सेंट पीटर स्क्वायर से 35000 लोगों की भीड़ का हाथ मिलाकर अभिवादन स्वीकार किया था। वेटिकन के कार्डिनल केविन फेरेल ने बताया कि पोप फ्रांसिस का पूरा जीवन ईश्वर की सेवा में समर्पित रहा।

## दिल्ली कोर्ट में मुजरिम-वकील ने जज को धमकाया

### कहा- बाहर मिल, देखते हैं घर कैसे जिंदा जाती हो; चेक बाउंस केस में सुनाया था फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत में जज को मुजरिम और उसके वकील ने धमकाया। जज ने चेक बाउंस केस में आरोपी को मुजरिम करार दिया था। इसके बाद मुजरिम और उसके वकील ने जज को जान से मारने की धमकी दी।

केस की सुनवाई ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवांगी मंगला की कोर्ट में हो रही थी। कोर्ट ने आरोपी को चेक बाउंस का दोषी करार दिया और अगली सुनवाई तक बेल बॉन्ड फरने का आदेश दिया था।

इस फैसले के बाद मुजरिम और उसके वकील ने जज से कहा- तू है क्या चीज, बाहर मिल। देखते हैं घर जिंदा कैसे पहुंचती है। घटना 2 अप्रैल की है।

#### मुजरिम ने जज पर कोई चीज फेंकी

लॉ वेबसाइट बार एंड बेंच के मुताबिक, फैसला सुनाए जाने के बाद मुजरिम ने जज पर कोई चीज भी फेंकी। मुजरिम ने अपने वकील से कहा कि इस फैसले को अपने पक्ष में लाने के लिए जो करना है करो। वकील ने भी जज को मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया। दोनों महिला जज को अपने पद से इस्तीफा देने के लिए दबाव बना रहा था। इसके बाद दोनों फिर बदतमीजी करने लगे और कहने लगे कि आरोपी को बरी किया जाए। जज शिवांगी मंगला ने अपने फैसले में कहा कि दोनों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। नेशनल कमिशन फॉर वुमन इस मामले में एक्शन लेगा।

#### जज ने कहा- न्याय के लिए जो जरूरी, किया जाएगा

महिला जज ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में, चाहे वो विपरीत ही क्यों न हों.. न्याय की रक्षा के लिए जो जरूरी होगा किया जाएगा। अदालत ने मुजरिम के वकील अतुल कुमार को भी शोकॉज नोटिस जारी किया है कि उनके खिलाफ महिला से अभद्रता करने के लिए आपराधिक मामला क्यों न दर्ज किया जाए।

## आम आदमी पार्टी महापौर के चुनाव में मैदान से हटी

### सीएम के बाद अब मेयर भी होगा भाजपा का

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के नए मेयर का चुनाव 25 अप्रैल को होना है। मेयर चुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है और अब तक किसी भी दल के उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। अब आम आदमी पार्टी मेयर चुनाव नहीं लड़ेगी। आम आदमी पार्टी ने मेयर चुनाव से दूरी बनाने का ऐलान कर दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पार्टी के इस फैसले का ऐलान किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों को डराकर, धमकाकर, लालच देकर भाजपा अपने पाले में लाने की कोशिश में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हमने फैसला किया है कि मेयर चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बगैर किसी बाधा के भाजपा अपना मेयर बना ले और चार इंजन की सरकार को बिना कोई बहाना बनाए ये चलाएं और दिल्लीवालों को दिखाएं। आम आदमी पार्टी के इस फैसले के साथ ही दिल्ली मेयर के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार का निर्विरोध निर्वाचन अब तय हो गया है। दिल्ली में सरकार गठन के बाद अब एमसीडी का मेयर भी भाजपा का होगा।

#### भाजपा के पक्ष में थे समीकरण

आम आदमी पार्टी ने मेयर चुनाव में भाजपा को वॉकओवर दे दिया है। लेकिन अगर मतदान की स्थिति बनती, तब भी समीकरण भाजपा के पक्ष में थे। दिल्ली के निगम सदन की स्ट्रेंथ इस समय 238 है। लोकसभा और राज्यसभा के सांसद, मनोनीत विधायक भी मिला लें तो कुल स्ट्रेंथ 262 पहुंचती है। यानी अपना मेयर बनाने के लिए राजनीतिक दलों को 132 वोट की जरूरत थी। भाजपा के 117 पार्षद, सात लोकसभा सदस्य और 11 मनोनित विधायकों के वोट मिला दें तो आंकड़ा 135 पहुंच जा रहा जो जीत सुनिश्चित करने के लिए जरूरी नंबर से तीन ज्यादा है।

» न्यूज कैप्सूल »

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुई महिला के पति ने बाइक चालक के विरुद्ध कोतवाली में दी तहरीर

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गाँव के निवासी व्यक्ति ने राठ कोतवाली में घटना के लिए तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम करीब 6 बजे उसकी 40 वर्षीय पत्नी रामवती गांव के बाहर पेड़ के नीचे बैठी हुई थी। बताया कि तभी इस दौरान बिलरख गांव के ही निवासी एक युवक ने लापरवाही और तेज गति से मोटरसाइकिल को चलाते हुए उसकी पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी पत्नी घायल हो गई है। बताया कि उसने आज राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर टक्कर मारने वाले भाई चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## भंडारे कार्यक्रम में मां बेटे को पीटा, मामला दर्ज

**राठ।** जलालपुर थाने के बंगरा गांव निवासी अर्जुन सिंह पुत्र लखन सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम करीब छह बजे खेड़ापती धार्मिक स्थान पर भंडारा चल रहा था। तभी गांव का भागवली पुत्र भागीरथ व उसका पुत्र परमेश्वरी दयाल उर्फ लल्ला कार्यक्रम में गाली गलौज कर व्यवधान डालने लगे। विरोध करने पर मारपीट के लिए आमादा हो गए। जब वह उक्त संबंध में रिपोर्ट करने आने लगा तो लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। उक्त पिता पुत्र ने उसे व उसकी मां संतोषी को लाठियों से मारा-पीटा। मारपीट से उसकी मां के बाएं पैर व उसके गले में चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## तीन युवकों ने महिला को पीटा, मामला दर्ज

**राठ।** चिकासी थाने के बंधौली गांव निवासी अभिलाषा पत्नी राजेश ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह भैंस चराकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में परशुराम अनुरागी के खेत के पास घात लगाए बैठे अनंता पुत्र सेवाराम, छुन्ना, शंकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आई हैं। पीड़िता ने चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मृतक सराफा व्यापारी के स्वजनों ने अभी तक नहीं दी तहरीर

### पुलिस मामले की जांच के लिए सुबह से कर रही छानबीन

**राठ।** रविवार को संदिग्ध हालात में सर्राफा व्यापारी की मौत हो गई थी। मृतक के छोटे भाई ने बंगाली कारीगर पर जहर खिलाकर 500 ग्राम सोना व कार लेकर भाग जाने का आरोप लगाया था। अभी तक मृतक के स्वजनों ने कोतवाली में तहरीर नहीं दी है। पुलिस लगातार छानबीन करने जुटी हुई है।

कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी मनीष सोनी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल निवासी अल्ताफ ने उसके बड़े भाई 46 वर्षीय धूराम सोनी को जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। शनिवार की रात कारीगर परिवार सहित धूराम की कार और 500 ग्राम सोना लेकर लापता हो था। उसके सभी साथी भी रात से ही लापता है। एक सराफा व्यवसाई ने बिना नाम छापने की शर्त पर बताया कि सराफा व्यापारी धूराम के माध्यम से पश्चिम बंगाल के कारीगर अल्ताफ को जेवर बनाने का काम देने लगे थे। कारीगर की वजह से मृतक धूराम का भी काम अच्छा चलने लगा। बताया कि कारीगर और उसके साथी नगर से करीब तीन किलो सोना व 25 लाख रुपए लेकर भाग गया। बताया कि यह रुपए काम के लिए व्यापारियों से उधार लेते थे। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि अभी स्वजनों ने तहरीर नहीं दी है। जांच कराई जा रही है।

## बीच बाजार भाजपा नेता के बेटे से नशे में पुलिस ने की मारपीट, हाथ तोडने का आरोप

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र में रविवार रात पुलिस व आमजन के बीच विश्वास को हिला देने वाली एक घटना ने पूरे जनपद को झकझोर कर रख दिया। भाजपा नेता संदीप त्रिपाठी के बेटे आदित्य त्रिपाठी (19) के साथ कथित रूप से पुलिसकर्मियों ने शराब के नशे में बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पी?ित परिवार का आरोप है कि चौराहे पर रोकने के बाद पुलिस ने चेकिंग के नाम पर न सिर्फ बदसलूकी की, बल्कि विरोध करने पर आदित्य को थाने ले जाकर लाठी-डंडों से पीटा गया, जिससे उसका बायां हाथ टूट गया।

घटना के बाद आदित्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मेडिकल जांच में उसकी चोट की पुष्टि हुई। इस पूरे घटनाक्रम की खबर मिलते ही पूर्व विधायक आनंद शुक्ला लगभग 200 भाजपा कार्यकर्ता समेत मऊ थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। पुलिस मुर्दाबाद के नारों के बीच कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी झ?पें भी हुईं। वहीं एसपी ने वीडियो जारी करके कहा कि एक सिपाही को थप्प? मारा गया, जिसकी पुष्टि थाने में लगे सीसीटीवी फुटेज से होने का दावा किया जा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी देर रात मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। इसके बाद आरोपित दारोगा हरिशंकर व सिपाही प्रवीण को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परीक्षण रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि दोनों पुलिसकर्मी ड्यूटी में शराब के नशे में थे।

# सड़क हादसे में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यात्रियों से भरे क्रूजर वाहन में लगी आग से मची अफरातफरी

**कुलपहाड़ (महोबा)।** जिले में मार्ग दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं यात्रियों से भरा तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे स्थित नाले से टकरा गया हादसे के बाद वाहन में आग लग गई। आग लगने से यात्रियों में हड़कम्प मच गया। यात्रियों ने वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और हाईवे किनारे स्थित झाड़ियों में आग फैलने लगी। आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने स्थानीय पुलिस के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग की चपेट में आकर क्रूजर वाहन जलकर खाक हो गया। हादसे में वाहन चालक सहित दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।



दरअसल घटना कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के झांसी मिर्जापुर हाईवे स्थित बागौल तिराहा के पास की है। जहां सीमावर्ती हमीरपुर जिले के राठ से चलकर महोबा की तरफ जा रहा यात्रियों से भरा क्रूजर वाहन संख्या यूपी 96 सी 1668 अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे स्थित नाले से टकरा गया हादसे के बाद क्रूजर वाहन में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण करने लगी जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। हादसे का शिकार हुए क्रूजर वाहन में सवार यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने क्रूजर वाहन सहित पास में मौजूद झाड़ियों को भी अपनी आगोश में ले लिया। आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कुलपहाड़ कोतवाली पुलिस के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और आग की चपेट में आकर क्रूजर वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। हादसे में क्रूजर चालक सहित दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को यूपी 112 की पीआरवी द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ में भर्ती कराया गया जहां दोनों घायलों को इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि वाहन में सवार सभी 18 यात्री सीमावर्ती हमीरपुर जिले के राठ कस्बा में आयोजित किसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद वापस अपने गृहनगर महोबा जिला मुख्यालय की ओर जा रहे थे तभी वाहन हादसे का शिकार हो गया। मौड़े पर मौजूद सीओ कमाडेंट होमगार्ड कमलेश सिंह ने बताया कि बागौल तिराहा के पास क्रूजर वाहन में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी तत्काल मौके पर पहुंचकर कुलपहाड़ कोतवाली पुलिस के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया है।फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है हादसे में दो लोग घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया है।

## केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हुआ विद्या प्रवेश एवं अभिविन्यास कार्यक्रम

**महोबा।** पी0एम0 श्री केन्द्रीय विद्यालय में नव प्रवेशित कक्षा 1 के छात्रों के लिये विद्या प्रवेश एवं अभिविन्यास कार्यक्रम' का आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लाश के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे मुन्हे विद्यार्थियों को विद्यालयी वातावरण से परिचित कराना एवं प्रारम्भिक शिक्षा की यात्रा को रोचक एवं सहज बनाना था द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य महिपाल सिंह एवं उपस्थित अभिभावकों के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस विशेष अवसर पर प्राथमिक विभाग के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत व जादुई पिटारा पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। जिसने सभी को आनंदित कर दिया। मंच का संचालन प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका सविता मिश्रा व संगीत शिक्षिका मंजू विश्वकर्मा ने किया। बीणा बत्रा ने सभा को



सम्बोधित कर नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत किया। प्राचार्य महिपाल सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि नवीन शिक्षा प्रणाली बच्चों को खेल खेल में सीखने के अवसर प्रदान करती है। बच्चों का सीखना सार्थक बनाने के लिये शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। माता पिता बच्चों को सीखने के लिये प्रात्साहित करते रहें। अभिभावकों के सहयोग से हम स्कूली शिक्षा की इस यात्रा को आनंदमयी और उद्देश्यपूर्ण बनायेंगे व आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मकता (एफएलएन) मिशन को सफल बनायेंगे। इसी क्रम में विद्यालय प्रांगण में उपस्थित अभिभावक डॉ0 हरीप्रकाश नामदेव ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षकों को सम्मान की दुष्टि से देखा जाना चाहिये। शिक्षक समाज में अच्छे नागरिकों का निर्माता है। शिक्षण एक ऐसा सराहनीय कार्य एवं पेशा है, जो अन्य कार्यो के लिये अच्छे नागरिकों को तैयार करता है। इसी क्रम में अन्य अभिभावक सतीश यादव ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि केवीएस जैसे प्रेस्टीजियश संस्था में मेरे बच्चे का प्रवेश हुआ है। हम सभी जानते है कि केवीएस शिक्षण को आनंदमय और समावेशी बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का समापन प्राथमिक विभाग के समस्त शिक्षकों द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को उपहार प्रदान कर किया गया।

## विभिन्न मुकदमों से सम्बन्धित 3 वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर अर्जुन सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। उप निरीक्षक सनय कुमार चौकी प्रभारी मनियादेव के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 137(2) बी.एन.एस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रवेन्द्र सिंह पुत्र कुबेर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम काजी बम्हौरी थाना कबरई को झलकारी बाई तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया द्य उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 137(2)/64(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नीरज सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रैपुरा खुर्द को पी0डब्लू0डी0 चौराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में गठित तृतीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 306/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त मनोज कुमार वर्मा पुत्र किशना वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रतवा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को कल्याण सागर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी के माल मशरुका 2000 रुपये जामा तलाशी से बरामद किया गया।

## गर्म हवा एवं लू से बचाव हेतु ए डी एम ने की एडवाइजरी जारी

### दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें

**महोबा,।** गर्म हवा एवं लू से बचाव हेतु एडवाइजरी अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र द्वारा 22 से 24 अप्रैल तक जनपद में उष्ण लहर (लू ) चलने की चेतावनी जारी किया गया है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान को देखते हुए जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं कि लू प्रकोप एवं गर्म हवा लू से जन - हानि भी हो सकती है । इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियाँ बरतें द्य कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें प्यास न लगे तो भी पानी पियें । हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहनें । धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें । सफर में अपने साथ पानी रखें । शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें, यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें ओर गीले कपडे को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें । अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें । घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी , नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें । लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे । शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर हो जायेगी। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें । अपने घर को ठंडा रखें , पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे । रात में खिड़कियाँ खुली रखें । फैन ढीले कपड़े का उपयोग करें । ठंडे पानी से बार - बार नहाएं । क्या करें ॽ क्या न करें ॽ धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें । खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुलें रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे । नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें । उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें । बासी भोजन न करें । खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके । उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए । स्थानीय मौसम के पूर्वनुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क आपत् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े । जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें । सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें । संतुलित भोजन करें, हल्का व सूती कपड़े पहने, घर से बाहर निकलने पर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें।

## जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा पेंशनरों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**महोबा।** शासन के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनरों, वृद्धजनों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन कचहरी कंपाउंड में सोमवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. डी.के. राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ देवप्रकाश, फिजियोथेरेपिस्ट डा. सुरेन्द्र सिंह राजपूत सहित नेत्र रोग परीक्षण अधिकारी रोहित कुमार व फार्मासिस्ट अमर सिंह की टीम द्वारा वृद्ध पेंशनरों की आंखों एवं हड्डी के दर्द की जांच कर दवाइयां वितरित की गयीं। स्वास्थ्य टीम में कोई फिजिशियन, चिकित्सक एवं लैब टेक्नीशियन के न आने से पेंशनरों में निराशा का भाव देखा गया। स्वास्थ्य शिविर में जांच हेतु जुटे लगभग 80 पेंशनरों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उ0प्र0 के महामंत्री बी0के0 तिवारी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. पी.के.अग्रवाल जिला चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य शिविर को गंभीरता से न लिए जाने पर पेंशनरों, वृद्धजनों द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया।

## एडीएम ने चरखारी की कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

**चरखारी( महोबा )।** नगर पालिका परिषद चरखारी के अधीन संचालित कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशों में 23 गौवंश दुघारू होने तथा दुग्ध उत्पादन बिक्री प्रारम्भ होने से गौशाला स्वालम्बी बनने की ओर अग्रसर है जहां गौशाला का संचालन प्रसंशनीय है। एडीएम नामिमी गंगे मोहम्मद मुईनुल इस्लाम ने कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया द्य सभी व्यवस्थाएं, खानपान, पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। गौशाला में 518 गौवंश संरक्षित पाए गए। गौशाला के निरीक्षण में 23 गाय दुधारू मिली तथा उनसे निकलने वाले दूध की



बिक्री गौशाला को स्वावलम्बन की ओर बढ़ता कदम बताया। निरीक्षण में गर्भवती गाय, बछड़ों की अलग अलग व्यवस्था, पेजयल व्यवस्था, गौशाला की सफाई, गौवंशों को दिए जाने वाले भूसा,चना, नमक, चौकर गुड़ आदि का स्टाक देखा गया। निरीक्षण के दौरान पालिका लेखाकार अयूब खान, गोशाला प्रभारी राजेंद्र दिहुलिया, सौरभ सक्सेना, डा संतोष कुमार बजरंगी आदि मौजूद रहें।

## अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रुपए की मांग पूरी न करने से नाराज ससुरालीजनों ने महिला को पीटकर घर से निकाला, पीडिता बोली मजदूर को इंजीनियरिंग दर्शाकर धोखे से की थी शादी

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के औंडेरा गांव की निवासी महिला ने पति सहित अन्य सभी ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज रूप में 5 लाख रुपए की मांग पूरी न करने के चलते उस पर घरेलू हिंसा व दहेज उत्पीड़न कर मारपीट करने तथा धक्के मार कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। टिकट महिला ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के औंडेरा गांव की निवासी महिला संगीता पत्नी रोहित ने सोमवार दोपहर करीब 2ॽ30 बजे राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर कि उसका विवाह 28 नवंबर वर्ष 2021 को औंडेरा गांव के निवासी युवक रोहित के साथ संपूर्ण विधि विधान से हुआ था। बताया कि उसके विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर उसे विदा किया था। आरोप लगाते हुए कहा कि उसके सभी ससुरालीजनों ने उसके पति रोहित को इंजीनियर दर्शाकर एवं उसके पति का मासिक वेतन 45 हजार रुपए प्रतिमाह बताकर कूट रचित तरीके से उसके पिता को झांसे में लेकर शादी की थी। बताया कि जब वह विवाह के बाद अपनी ससुराल पहुंची तो उसे अपने पति की सारी असलियत की जानकारी हुई। बताया कि विवाह के कुछ समय के बाद उसका पति रोहित के अलावा उसकी सास, ससुर, चचेरा जेठ जेठानी वह उसकी नंद विवाह में कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित कर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। तथा अतिरिक्त दहेज के रूप में उससे 5 लाख रुपए की मांग करने लगे। बताया कि जब उसने अपने पिता की गरीबी का हवाला देकर 5 लाख रुपए देने में असमर्थता जताई । तो उसके सभी ससुरालीजन उसके साथ मारपीट करने लगे। बताया कि बीती 16 मार्च की सुबह करीब 11ॽ00 बजे उक्त सभी ससुराली जनों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए उसे धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। बताया कि पति के संसर्ग से वह 2 वर्षीय एक बच्चे की मां भी है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### मिस्त्री के साथ हुई मारपीट का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** बाईक की मरम्मत के पैसे मांगने पर दो लोगों ने मिस्त्री के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार ग्राम रूपा धमना निवासी राम जी सेन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के ही पुष्पेंद्र यादव रानू उसे बाइक की मरम्मत कराने के लिए अपने घर पर ले गए थे और गाड़ी सही करने के बाद उसने पैसे मांगे तो गाली गलौज करते हुए उसकी मारपीट कर दी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### पति व उसके दोस्त ने ससुराली जनो की लाठी डंडों से मारपीट की

**मऊरानीपुर।** पत्नी को लेने आए पति ने ससुराली जनों की जमकर मारपीट करने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार ग्राम गुढ़ा निवासी पूजा ने थाना लहचूरा में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पति राम सिंह अपने दोस्त सुनील निवासी गायत्री नगर गरौठा के उसके मायके में आए और उसके साथ में चलने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया तो दोनों लोग गाली-गलौच करने लगे और उसे एवं उसके भाई काशीराम मां भुवन को लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिससे तीनों को गंभीर चोटें आई पुलिस ने पति व उसके दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया ।

### किसानों ने लगाया घटतौली का आरोप

**मऊरानीपुर।** गल्ला मंडी प्रांगण में स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर घटतौली किए जाने का आरोप किसानों ने लगाया किसानों का कहना है कि इस क्रय केंद्र पर तौल करने की दो मशीने हैं एक मशीन से घटतौली की जाती है और जब कोई अधिकारी निरीक्षण करने आता है तो सही मशीन दिखाई जाती है पिछले वर्ष भी इस क्रय केंद्र पर घटतौली उपजिलाधिकारी ने पकड़ी थी।

### महिला व युवक ने जहर खाया

**मऊरानीपुर।** जहरीले पदार्थ के सेवन से एक महिला व एक युवक की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार संध्या पत्नी नरेंद्र निवासी ग्राम ससवारा व जितेंद्र पुत्र रघुवीर निवासी कटरा मऊरानीपुर को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### करंट से युवक झुलसा

**मऊरानीपुर।** विद्युत करंट लग जाने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया जानकारी के अनुसार उमाशंकर पुत्र हरदास कुशवाहा निवासी पुरानी बैलाई मऊरानीपुर को झुलसी हुई अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि विद्युत करंट लग जाने से झुलस गया प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### युवक छत से गिरा

**मऊरानीपुर।** छत से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार दयाराम पुत्र ठाकुरदास निवासी ग्राम अमरोहा को घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बाइक दुर्घटना में महिला व युवक घायल

**मऊरानीपुर।** बाईक दुर्घटना में एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार कस्तूरी पत्नी गोरेलाल निवासी ग्राम मगरवारा संतोष पुत्र शिवराम निवासी ग्राम धायपुरा को घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में लाया गया बताया गया कि बाईक दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### उधारी के रुपए मांगने पर धमकाने का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** उधारी के रुपए मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार सिरधरपुरा रानीपुर निवासी बसंत लाल ढीमर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में वार्ड बॉय के पद पर नौकरी करता है।

# गढ़कुंडार किला खंगार क्षत्रिय राजवंश की गाथा दर्शाता हैः सुभाष पिंडारी

### यूनेस्को की सूची की त्रुटिया मे हों सुधार, समाज मे असंतोष व्याप्त



**उरई।** अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज की बैठक सोमवार को रामनगर स्थित पिंडारी हाउस में आयोजित की गई। जहा हाल ही में यूनेस्को की सूची में निवाड़ी जिला मध्य प्रदेश में स्थित गड़कुंडार के किले को खंगार समाज के नाम से अंकित करने की मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष उदय पिंडारी ने की। बैठक मे उन्होंने बताया की हाल ही में म0प्र0 शासन ने बुन्देला राजाओं के महल किले भवनों को विश्व धरोहर सूची में मान्यता हेतु धारावाहिक सम्पत्ति अन्तर्गत छह महत्वपूर्ण घटक शामिल किये हैं। जिसमें गड़कुंडार किला, राजा महल, जहांगीर महल, दतिया पैलेश, झांसी किला और धूबेला पैलेश इन किले और महलों में गड़कुंडार किले को छोड़कर शेष महल बुन्देला राजपूत की सांस्कृतिक परम्पराओं स्थापत्य शैली और राजनीतिक इतिहास दर्शाती है। किन्तु गड़कुंडार किले की जो सांस्कृतिक परम्परायें स्थापत्य शैली और राजनीतिक इतिहास है। वह खंगार क्षत्रिय राजवंश के इतिहास को दर्शाती है। गड़कुंडार में ग्यारहवी शताब्दी से तेरहवी शताब्दी तक खंगार क्षत्रि राजवंश का शासनकाल रहा है। जो जुझौती खण्ड से जाना जाता था। जो आज वर्तमान में बुन्देलखण्ड कहलाता है। किन्तु यूनेस्को की सूची में त्रुटिपूर्ण जानकारी बुन्देला राजाओं के नाम से शामिल कर दी गयी है। जिससे खंगार क्षत्रिय समाज में भारी असंतोष व्याप्त है। उन्होंने सरकार से गढ़ कुण्डार किले के गौरवशाली इतिहास अनुसार खंगार राजवंश काजी नाम यूनेस्कों की सूची में ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार संशोधित कर शामिल कराये जाने की मांग की और कहा की यदि मांग न मानी गई तो आगे चलकर खंगार समाज आंदोलन को बाध्य होगा। बैठक मे, भूपत सिंह मास्टर अकोड़ी, डा ब्रज किशोर सिंह हरदोई गूजर, ज्ञान सिंह खांगर, अमर सिंह, राजकुमार, जीतेन्द्र सिँह खांगर, विजय सिंह, शिव प्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह परिहार, प्रताप भान सिह, रजनीश गुड्डु, विजय सिँह, आदि मौजूद रहे।

## श्री राम जानकी मंदिर बबीना में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का भव्य समापन



**बबीना।** श्री राम जानकी मंदिर बबीना में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतिम दिन हवन पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम के उपरांत भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भारत साहू व उनके परिवार द्वारा साहू समाज कमेटी से संकल्प लेकर मंदिर प्रांगण में शिव दरबार की स्थापना कराई गई। शिव दरबार की स्थापना नगर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित राजेंद्र शास्त्री जी एवं बनारस से पधारे विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक विधि से संपन्न कराई गई। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान ने श्रद्धालुजनों में आस्था और भक्ति की नई ऊर्जा का संचार किया। समस्त कार्यक्रम में साहू समाज के सभी सदस्यों ने पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में साहू समाज के अध्यक्ष ने सभी श्रद्धालुओं, पंडितगणों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार प्रकट किया।

## इंटेलीजेंट भारत के दो छात्रों ने जेईई में पाई सफलता



### पहले भी तीन छात्रों को हो चुका है चयन, अब तक पांच छात्रों हो चुका है चयन

**उरई।** कालपी रोड स्थित इंटेलीजेंट भारत इन्स्टीट्यूट के दो छात्रों ने जेईई की परीक्षा में सफलता हासिल की है। शहर के मोहल्ला राजेंद्रनगर निवासी राम गुप्ता ने 92.9 परसेंटाइल के साथ ईडब्लूएस में 20062 वीं रैंक हासिल की है। राम के पिता नवोदय विद्यालय में कैंटीन का संचालन करते हैं जबकि मां अर्चना गुप्ता निजी स्कूल में अध्यापिका है। राम ने बताया कि उसे दूसरे प्रयास में यह सफलता मिली है। जबकि उमरारखेरा निवासी विशाल गौतम ने भी 89.40 परसेंटाइल के साथ जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसके पिता संजय गौतम पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहे हैं। जबकि मां राजकुमारी गृहणी हैं। वह रामश्री में पढ़ता था। बताया कि घर में पांच छह घंटे पढ़ाई से उसने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर ली है। इसके पहले इसी संस्था इंदल कुमार ने 95 परसेंटाइल, उत्तम सिंह ने भी 93 परसेंटाइल व आदर्श ने 91 परसेंटाइल अंकों के साथ जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इंटेलीजेंट भारत इन्स्टीट्यूट के डायरेक्टर दिलीप सिंह और सेंटर हैड विनय यादव ने बताया कि जनवरी में तीनों छात्रों को सफलता मिली थी। अब दो छात्रों ने सफलता पाई है। ये पांचों छात्र जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई हो गए हैं। संस्था में सभी छात्रों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रियाज, वैभव, सूरज सिंह गौर , पुष्पेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक ने आगे जा रही बाइक में मारी टक्कर, किसान की मौत

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही के चलते ग्राम चौरसी मोड़ के पास पीछे से दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार अधेड़ किसान की मौत हो गई, जबकि टक्कर मारने बाला युवक भी घायल हो गया।

शहर के मुहल्ला नया पटेल नगर अनमोल होटल के पीछे निवासी किसान विजय प्रजापति 55 वर्ष रोजाना की तरह सोमवार की सुबह भी टहलने के लिए निकले थे। बताया गया कि वह जैसे ही कालपी रोड पर ग्राम चौरसी मोड़ के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार युवक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिस कारण वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए।इसके साथ ही बाइक सवार युवक भी घायल हो गया और उसकी बाइक में नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां पर किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज झांसी रेफर किया गया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे मंडी चौकी प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पंडित ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के पुत्र नीरज प्रजापति व राहुल प्रजापति सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुकर गांव में बीती देर रात युवक ने अज्ञात कारणों के चलते सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुकरगांव निवासी जगमोहन कुशवाहा के परिवार में शादी समारोह थी। रविवार को सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। जगमोहन का 20 वर्षीय पुत्र दीपक घर में अकेला था। रविवार की शाम को उसने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। देर रात जब मां फूलकुंवर व बहन रजनी घर पहुंची तो एक कमरे अंदर से बंद था। जब खिड़की से देखा तो दीपक फंदे पर लटक रहा था। इसके बाद घर में चीख पुकार मच गई। बहन रजनी ने तुरंत पिता को सूचना दी मौके पर पहुंचे पिता ने खिड़की तोड़ी और उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाए जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता जगमोहन कुशवाहा ने बताया कि चार दिन पहले दीपक का मोबाइल कहीं गिर गया था। साथ ही घर में कोई झगड़ा भी नहीं हुआ था। दीपक ने यह कदम क्यों उठाया उस खुद नहीं जानता।

### कार चालक ने टक्कर मारकर बाइक चालक को किया घायल

**मऊरानीपुर।** कार की टक्कर से बाईक चालक के गंभीर रूप से घायल हो जाने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़वा निवासी नेहा पटेल पत्नी शैलेंद्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति 29 मार्च की शाम को अपनी बाइक क्रमांक यूपी -93-4873 से मऊरानीपुर से पामगढ़ अपनी साइड पर जा रहे थे जब वह स्यावरी की पुलिया के पास पहुंचे तभी कार क्रमांक यूपी- 93-48 73 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाईक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए और चालक कार छोड़कर भाग गया पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया ।

## रुपयों के लेन-देन के विवाद में चाची का हत्यारोपी भतीजा गिरफ्तार




**उरई।** रेंढ़र थाना क्षेत्र में बलकट जमीन के रुपयों के लेन-देन को लेकर चाची की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम धौरपुर निवासी रवीशंकर पुत्र स्व0 ग्यादीन कुशवाहा ने 18 अप्रैल को रेंढ़र थाने में सूचना दी कि मेरी भतीजी संगीता देवी पत्नी स्व0 हरीसिंह नि0 ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट के बाद घटना की सत्यता की जानकारी होने पर 20 अप्रैल को मृतका के पिता भगवान सिंह पुत्र ग्यादीन कुशवाहा ने थाना रेंढर में तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर उसकी पुत्री को गला दबाकर मार दिया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और 21 अप्रैल को मुखबिर की सटीक सूचना पर थानाध्यक्ष व पुलिस टीम कन्हरी ग्राम को जाने वाले रोड पर बहद ग्राम भगवन्तपुरा से आरोपी छोटू उर्फ आननद को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि बलकट के खेत के दो लाख रूपये के लेन देने व गाड़ी की किस्त भरने को लेकर मेरा व मेरी चाची संगीता का झगड़ा हो गया था। जिस पर आवेश में आकर मैने अपनी चाची की हत्या गला दबाकर की थी।

### काम करने के बाद पैसे मांगने पर मिली धमकी, मामला पहुंचा थाने

**जालौन।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पहलवान बाड़ा निवासी प्रभात वर्मा पुत्र बृजकिशोर वर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि वह एक मजदूर हैं और टीन सैट लगाने का काम करता है। बताया कि वह नगर के मुहल्ला चौधरयाना निवासी हिमांशू दुबे पुत्र सुरेश दुबे के पास कुछ मजदूरो के साथ टीन सैट का काम किया था। बताया कि सभी सामान खुद का था और पीड़ति की सौदा 120 रूपये प्रति वर्गफुट के हिसाब से तय हुआ था। जिसके ऊपर की नाप हो चुकी है, जिसमें पीड़ति के पास 16 हजार रूपये आ चुके है और साईट की नाप बची हुयी है। और पीड़ति कई बार हिमांशु दुबे पुत्र सुरेश दुबे के पास गया तो हिमांशु दुबे व उनका बुआ का लडका पीक्कू चतुर्वेदी पुत्र अज्ञात द्वारा पीड़ति के साथ जाति सूचक भद्दी भद्दी गाली देकर दुबारा पैसे माँगने पर सिर काट कर मार डालने की धमकी दी गई। आरोप तो यह भी है कि सुबह फोन पर जूतो से मारने व पैसे न देने की धमकी दी है। जिसकी काल रिकार्डिंग समेत अन्य साक्ष्य भी पीड़ति के पास मौजूद हैं। है।

## पेंशन नियमावली में बदलाव को लेकर आज धरना देंगे पेंशनर्स




**उरई।** सरकार द्वारा पेंशन नियमावली में बदलाव को लेकर पेंशनर्स में असंतोष फैल गया है। वे इसके विरोध में आज मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टेट परिसर में सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव ने सोमवार को आयोजित वार्ता के दौरान कही।

जिलाध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा केंद्रीय सिविल सेवा नियमावली में वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से संशोधन का बिल लोक सभा में पारित हो गया है। बिल के पारित होने से सरकार को यह अधिकार हो गया है कि वह सेवानिवृत्त की तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेदभाव कर सकती है। जिससे पुराने पेंशनर्स आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की परिधि से बाहर हो सकते हैं। इस खतरे को देख देश के एक करोड़ से अधिक पेंशनर्स सरकार के इस नीति के खिलाफ धरना व प्रदर्शन करेंगे। इस धरना के माध्यम से सभी प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी देंगे। इस दौरान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अंगद सिंह राजावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानसिंह राजपूत, जिला मंत्री रामेश्वर दयाल कुशवाहा, डॉ राम प्रकाश द्विवेदी, रामसिंह अहिरवार, हर नारायण अनुरागी, संप्रेक्षक अंबिका प्रसाद राजपूत, अपर जिलामंत्री हरिराम ओमरे, महेंद्र भाटिया, बृजराज सिंह परिहार, जयराम कुशवाहा, रविंद्र दुबे, अंजनी शुक्ला, अनिल कुमार, विद्यासागर मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले के पांच आरोपी गिरफ्तार, स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त

**चित्रकूट।** अपराधियों पर शिकंजा कसने की मुहिम में एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ नगर राजकमल की निगरानी में कर्वी कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता पाई है। सोमवार को जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सभी आरोपी पिपरौध थाना मऊ के निवासी हैं।

घटना 21 अप्रैल की है, जब वादी डॉ सुशील कुमार त्रिपाठी अपनी कार से सीतापुर की ओर जा रहे थे। मंदाकिनी पुल पार करते समय कुछ बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी को टच करते हुए ओवरटेक किया। मामूली बात पर गुस्साए युवकों ने लगभग 25-30 अन्य लोगों को बुलाकर वादी पर लात-घूंसों से जानलेवा हमला कर दिया। कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज होते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दारोगा रमेश सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की। मुखबिर की सूचना पर सोमवार को आरोपियों को स्कॉर्पियो वाहन (यूपी 96 फ 7216) के साथ अमानपुर से गिरफ्तार किया गया।

## गुढ़ा में नेत्र शिविर में निशुल्क 30 मरीजों को चित्रकूट भेजा गया




**गरौठा।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुढ़ा में आज कीर्तिशेष पंडित स्वर्गीय राघवेंद्र कुमार पाठक मुखिया जी गुढ़ा की चतुर्थ पुण्यतिथि में हर वर्ष की भांति विशाल निशुल्क नेत्र शिवर का आज आयोजन किया गया जिसमें चित्रकूट की नेत्र परीक्षण टीम मैं डॉ प्रदीप कुमार डॉ रामप्रताप पांडे डॉ सौरभ तिवारी सहित पूरी टीम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढा में नेत्र शिविर का फीता काटकर उद्घाटन कत कर्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष गरौठा सुरेंद्र मोहन उर्फ गुड्डू पाठक द्वारा किया गया जिसमें कुल नेत्र शिविर में 162 मरीजों की नेत्र जांच हुई जिसमें 30 मरीजों को चिकित्सकों द्वारा मरीजो को निशुल्क ऑपरेशन हेतु चित्रकूट बस द्वारा भेजा गया वहीं नेत्र शिविर के आयोजक रहे अभिलाष पाठक आशुतोष अतुल कुमार पाठक युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गरौठा भाजपा अनूप कुमार पाठक इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत रामकिशन खटीक दयाशंकर रिछारिया रिंकू सेंगर भगवान सिंह बुंदेला अरविंद सिंह बुंदेला बब्बू राजा रामकिशन सोनी चंद्रपाल सिंह बुंदेला लाल पाल भारत धर्मेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्र से नेत्र शिविर में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

संपादकीय

# 50 राज्यों के प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के आवास को घेरा

## 50 राज्यों में 50 विरोध एक आंदोलन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके कारोबारी मित्र एलोन मस्क के खिलाफ अमेरिका के सभी राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। दूसरी बार राष्ट्रपति पद पर 3 महीने भी पूरे नहीं हुए। विरोध प्रदर्शन का यह ताँता राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस पहुंच गया है। सभी 50 राज्यों से आए प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास को घेर लिया है। प्रदर्शनकारी ट्रंप के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। ट्रंप की टैरिफ बार से अमेरिका के सभी राज्यों में महंगाई बढ़ा दी है। सरकारी नौकरियों में छंटनी की जा रही है। लाखों अमेरिकी नागरिक पिछले 3 माह में बेरोजगार हो गए हैं। ट्रंप ने अप्रवासियों के खिलाफ जो कार्रवाई की है, उससे जनता नाराज है। ट्रंप की नीतियों के कारण पिछले 3 महीने में अमेरिका में महंगाई तेजी के साथ बढ़ाना शुरू हो गई है। वहीं बेरोजगारी भी बढ़ती चली जा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी सरकारी नौकरियों के जाने से अमेरिका के नागरिकों को उठानी पड़ रही है। अमेरिका में एलन मस्क और उनकी कंपनियों के खिलाफ भी अमेरिका के सभी 50 राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह स्थिति अमेरिका में पहली बार देखने को मिल रही है। राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप द्वारा जो आदेश जारी किए जा रहे हैं। उनमें से अधिकांश असंवैधानिक हैं। ट्रंप द्वारा मनमानी की जा रही है। अमेरिका की न्यायपालिका ने राष्ट्रपति ट्रंप के कई आदेशों पर रोक लगा दी है। अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ इनसाइडर ट्रेडिंग के भी आरोप लगे हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ डोनाल्ड ट्रंप ने ली है। उसके बाद से डोनाल्ड ट्रंप की फैमिली के बिजनेस में भारी वृद्धि हो रही है। इसको लेकर अमेरिका के नागरिकों में जबरदस्त विरोध देखने को मिल रहा है। डोनाल्ड ट्रंप विश्व गुरु बनना चाहते हैं। टैरिफ युद्ध के माध्यम से उन्होंने अमेरिका को कर्ज मुक्त करने का सपना देखा। ट्रंप को लगता है उनसे ज्यादा समझदार व्यक्ति अमेरिका और दुनिया में और कोई नहीं है। ट्रम्प आक्रमक होकर अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के सारे देशों को यह बताना चाहते थे। राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका के मूल नागरिकों का अमेरिका पर अधिकार होगा, अप्रवासियों को अमेरिका से भगाया जाएगा। टेरिफ के माध्यम से अमेरिका की आय कई गुना बढ़ेगी। अमेरिका कर्ज मुक्त होगा, अमेरिका के नागरिकों की बल्ले बल्ले होगी। ट्रम्प ने 3 महीने में जो किया है। उनकी सारी कार्रवाई उल्टी पड़ती हुई दिख रही है। जिस तरह के हालात अमेरिका में बन गए हैं। उसके बाद जो उनके समर्थक थे, वह भी उनका साथ छोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी ही पार्टी में विद्रोह की स्थिति बन रही है। हाल ही में जो सर्वे हुआ है। उसमें ट्रंप की पिछले तीन माह के कार्यकाल में दो फ़ीसदी से ज्यादा लोकप्रियता में गिरावट आई है। 1952 से लेकर 2020 के बीच में अमेरिका के जितने भी राष्ट्रपति बने हैं। उनकी रेटिंग औसतन 60 फ़ीसदी से कम नहीं थी। ट्रंप की लोकप्रियता घटकर मात्र 45 फ़ीसदी रह गई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बड़ी तेजी के साथ वातावरण बन रहा है। उनके ऊपर आर्थिक लाभ लेने के आरोप भी लग रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब महाभियोग लाने जैसी संभावनाएं भी अगले कुछ महीने में बन सकती हैं। ट्रम्प अमेरिका के पहले राष्ट्रपति हैं जो अदालत से सजायाफ्ता हैं। जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के सभी राज्यों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों द्वारा चुनौती दी जा रही है। उसको लेकर कहा जाने लगा है, डोनाल्ड ट्रंप जिद्दी है। वह किसी भी बात को सुनते नहीं है। बार-बार अपने निर्णय को बदल देते हैं। जिसके कारण उनके खिलाफ जनरोष सड़कों पर देखने को मिल रहा है। अमेरिका में पहली बार 50 राज्यों मे ट्रंप की नीतियों को लेकर एक साथ प्रदर्शन हो रहा है। व्हाइट हाउस को घेर लिया गया है। ऐसी स्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यदि समय रहते ठोस निर्णय नहीं लिए तो आगे चलकर उनको अपने पद पर बने रहना मुश्किल होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़-बोलेपन के कारण उन्हें कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह चर्चा होने लगी है। जिस तरह से सोवियत रूस का विघटन हुआ था, डोनाल्ड ट्रंप जिस तरीके के निर्णय ले रहे हैं। उसके बाद अमेरिका विघटन की ओर जाता हुआ दिख रहा है। यूरोपीय और नाटो देश अमेरिका से पहले ही छिटक चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नीतियों में यदि बदलाव नहीं किया तो सोवियत रूस की तरह अमेरिका का विघटन कभी भी हो सकता है। अमेरिका के राज्य विद्रोह की भूमिका में आ गए हैं। जिसकी प्रतिक्रिया विश्वव्यापी होती दिख रही है।

– सनत जैन

राज काज

## बिहार में उद्घाटनों का अमृतकाल

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने शिलान्यास और उद्घाटन की श्रृंखला शुरू कर दी है। इसे बिहार का अमृत काल बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बिहार पहुंचकर उद्घाटन और शिलान्यास में जुट गए हैं। बिहार की जनता को मोदी एहसास करा रहे हैं। बिहार के अमृत काल का समय शुरू हो गया है। भाजपा को विश्वास है, इस बार नितीश बाबू से उन्हें निजात मिलेगी। बिहार में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। बीजेपी का मुखिया ही बिहार का मुख्यमंत्री होगा। भाजपा को अभी तक हिंदू मुसलमान से ही सबसे ज्यादा सफलता मिली है।

## राहु-केतु से घिरे टैरिफ़ के मामले में ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के ऊपर 245 फ़ीसदी टैक्स लगाकर चीन के खिलाफ कड़े तेवर अपनाए थे। इस पर चीन ने हंसी उड़ाते हुए कहा, वह चीन से डरने वाला नहीं है। चीन ने यह भी कह दिया, कि वह अमेरिका की ओर से लगाए गए किसी भी टेरिफ का अब कोई जवाब नहीं देगा। ऐसा कहकर चीन ने अमेरिका को उसकी औकात बता दी। रही सही कसर अमेरिका की न्यायालयों ने पूरी कर दी है। अमेरिका के कई राज्यों ने टेरिफ के खिलाफ न्यायालय का रुख किया था। राज्यों की मांग पर न्यायालय ने ट्रंप के टेरिफ़ को स्टे कर दिया है। अब ट्रंप को सूझ नहीं रहा है, कि वह क्या करें।

## शरबत बेचने के लिए अब धर्म की लड़ाई

बाबा रामदेव से ज्यादा कुशल व्यापारी सारी दुनिया में और कोई नहीं हो सकता है। यह बाबा ने कई बार साबित किया है। हाल ही में बाबा ने शरबत को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से रूह अफजा का मार्केट कब्जाने के लिए सांप्रदायिक स्वरूप दे दिया है। बाबा रामदेव पूर्णत स्वदेशी और हिंदू सरबत तैयार कर रहे हैं। वहीं कई दशकों से हमदर्द का रूह अफजा देश में बड़े पैमाने पर बिकता है। लोग इसे पसंद करते हैं। बाबा रामदेव ने कह दिया, उस शरबत की कमाई से मस्जिद और मदरसे बनते हैं। बाबा के शरबत से क्या बनेगा, यह उन्हें नहीं बताया। बाबा ने हिंदू धर्म का तड़का लगाकर अपने शरबत को बेचने के लिए सांप्रदायिक युद्ध शुरू किया है। बाबा की इसमें मास्टरी है। पूरे भारत वर्ष में बाबा के शरबत की चर्चा हो रही है। लोग कहने लगे हैं, बाबा ने लोगों को योग करने में लगा दिया है, खुद अरबों रुपए का धंधा करने में लग गए हैं। भारत में 80 फ़ीसदी हिंदू है। हिंदू तो उनका प्रोडक्ट खरीद ही लेंगे।

# कश्मीर की बर्फीली वादियों में गलवादियां करेगी वंदे भारत



विनोद कुमार सिंह

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हमारा देश भारत जहाँ भिन्न भिन्न भाषा,धर्म जाति का चेहता देश,जो सम्पूर्ण विश्व को विविधता में एकता का संदेश देते हुए जीवन जीने का गुरू रहस्यो का तरीका व सलीका सिखाता है।जी हाँ हमारा व आप का प्यारा देशहै।जिसकी पहचान आज विश्व के मानचित्र में पहचान भारत के रूप अपना प्रच्चम फहरा रहा है। जिसकी अप्रैल की हल्की ठंडक और वसंत की खिलती बहार... हिमालय की बर्फीली चोटियाँ,सेब के पेड़ों पर गुलाबी फूलों की चादर,और मैदानों की हरी घास,यह सब अब सिर्फ मात्र अब कल्पना नहीं रहेगा।क्योंकि अब जल्द ही, इसका आनंद आप अपनी आंखों से देख सकते है। इसके लिए आप को जल्द ही जम्मु कश्मीर चलने के लिए तैयार रहना होगा।

आप सोच रहे होगें कि कशमीर में तो अभी सर्दी व बर्फीले हवाओं से समाना करना पडेगा।तो आप को बता दें कि रेलवे ने जम्मू कश्मीर के विषय परिस्थितियो को ध्यान में रखते हुए स्पेशल डिजाइंड किया है। वह भी अपने यात्रियो के सुःख सुविधाओं का ध्यान में रखते हुए। जिसका नाम वंदे भारत ट्रेन दिया गया है।आप इसी वंदे भारत ट्रेन में बैठकर कशमीर की घाटियों व वादियों का नजदीक से देख सकेंगे। सर्व विदित रहे कि जैसे ही यह ट्रेन पहलगाम की घाटियों से गुजरेगी, हरियाली से सजी वादियाँ,दूर तक फैले चीड़ के जंगल और चरवाहों की झलक आपको एक लम्हे में रोक देंगे। वही देवदार की खामोशी को चीरती वंदे भारत की तेज रफ्तार - तकनीक और प्रकृति का अद्भुत संगम जल्द ही आपको देखने को मिलगी। जहाँ इंजीनियरिंग का कमालमेक इन इंडिया के तहत इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में बनी यह ट्रेन आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है,जो बिजली सी चलती है। मगर सुरक्षित और आरामदायक सफर की मिसाल है। यह सफर हर भारतीय को गर्व से भर देगा।यहाँ पर आप के मन प्रश्न उठना स्वाभाविक है - क्या यह वंदे भारत ट्रेन कश्मीर की घाटियो व हिमालय की वादियों व विपरीत परिस्थितियों के अनकुल है। मै स्पष्ट कर दुं कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस विश्वसनीयता,सुरक्षा और यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक एवं उन्नत सुविधाओं से युक्त है।इस वंदे भारत ट्रेन को कश्मीर घाटी की कठिन जलवायु परिस्थितियों में सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।जिससे अब हर मौसम में कश्मीर घाटी तक पहुंचना आसान होगा और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत,क्षेत्र में यात्री सेवाएँ एवं पर्यटन अनुभव बेहतर बनाएगी। जम्मू- कश्मीर जैसे सर्द मौसम वाले क्षेत्र में सुचारू रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए इस वंदे भारत ट्रेन में विशेष तकनीकी सुविधाएँ प्रदान की गई हैं।सिलिकॉन हीटिंग पैड- यह वॉटर और बायो- टॉयलेट टैंकों में पानी को जमने से रोकेंगे।साथ ही,इनमें ओवरहीट प्रोटेक्शन सेंसर लगे हैं,जो यह सुनिश्चित करता है कि शून्य या माइनस तापमान में भी रेल संचालन सुचारू रूप से हो। हीटेड प्लंबिंग पाइपलाइनः जीरो डिग्री से भी कम तापमान में सेल्फ-रेगुलेटेड हीटिंग केबल्स पानी को जमने से रोकेंगे। ऑटो-ड्रेनिंग मैकेनिज्म-प्लंबिंग लाइनों में पानी के जमने की समस्या को रोकेगा, जिससे संचालन में कोई बाधा नहीं आएगी। वंदे भारत ट्रेन में यात्रा होगी सुगम और सुरक्षित कश्मीर की कठिन परिस्थितियों में ड्राइवर की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए इस वंदे भारत ट्रेन में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है,जिससे सुगम यात्रा संभव होगी।इसके लिए

एंबेडेड हीटिंग एलिमेंटः फ्रंट लुकआउट ग्लास में लगाए गए यह एलीमेंट सर्द मौसम में विंडशील्ड को डी-फ़्रॉस्ट कर ड्राइवर को क्लियर.विज़न प्रदान करेंगे,जिससे सुरक्षित व सुगम ट्रेन संचालन हो सकेगा।एंटी-स्पॉल लेयर- बर्फबारी या आंधी जैसे कठिन मौसम के दौरान यह लेयर ड्राइवर को सुरक्षित ट्रेन के संचालन में सहायता करेगा। सुरक्षित और आरामदायक वर्क एनवायरनमेंट- ट्रेन को कठिन मौसम परिस्थितियों से निपटने के लिए स्पेशल रूप से डिज़ाइन किया गया है। इस वंदे भारत ट्रेन के सुचारू संचालन और यात्रियों के आराम के लिए कई तकनीकी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं- -एयर ड्रायर सिस्टम हीटिंग- अत्याधिक ठंड में एयर ब्रेक सिस्टम की दक्षता बनाए रखेगा।साथ ही, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (HVAC) डक्ट्स द्वारा यात्रियों की आराम दायक यात्रा सुनिश्चित की गई है । 5 kVA ट्रांसफॉर्मरः ट्रेन के महत्वपूर्ण घटकों के सुचारू संचालन और ठंडे मौसम में उनकी दक्षता बनाए रखने के लिए इसे अंडरफ्रेम में विशेष रूप से स्थापित किया गया है।पूर्ण वातानुकूलित कोच- सेमी-हाई-स्पीड क्षमताओं ( 160 किमी प्रति घंटे ) से लैस होंगे, जिससे तीव्र और समयबद्ध यात्रा संभव होगी।

# निशाने पर ममता- पश्चिम बंगाल में कभी भी राष्ट्रपति शासन संभव....?



ओमप्रकाश मेहता

जब किसी प्रदेश का शासन प्रमुख अर्थात् राज्यपाल ट्रेन से सफर कर राज्य के किसी घटना स्थल पर पहुंचे और एक पुलिस अधिकारी की तरह घटनास्थल पर पीड़ितों के बयान ले और स्वयं उसी जगह यह घोषणा भी करें कि वे राष्ट्रपति जी को शीघ्र ही इसकी रिपोर्ट भेजेंगे, इसका सीधा-सीधा तात्पर्य तो यही हुआ कि वह गैर भाजपा शासित राज्य है और वहां अगले साल राष्ट्रपति शासन के दौरान विधानसभा चुनाव कराने है, जी हां.... यह कहानी पश्चिम बंगाल की ही है, जहां मुर्शिदाबाद में हुए हादसे की जांच करने स्वयं राज्यपाल महोदय ट्रेन से पहुंचे और अब यह प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है कि संभवतः अगले कुछ ही दिनों में राज्यपाल महोदय की रिपोर्ट पर केन्द्र सरकार पश्चिम बंगाल की सरकार बर्खास्त करवाकर राष्ट्रपति शासन लगा सकती हैं।

यहां यह स्मरणीय है कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार एक लम्बे समय से केन्द्र की मोदी सरकार की आंख की किरकिरी बनी हुई है, और मोदी जी व उनकी भारतीय जनता पार्टी के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है, इसलिए मोदी सरकार लम्बे समय से उन वैधानिक व संवैधानिक कारणों की तलाश में रही है, जिनके आधार पर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सके, अब इस प्रदेश के मुर्शिदाबार में घटी घटना ने ममता विरोधियों के चेहरे पर मुस्कुराहट ला दी है तथा राज्यपाल के तुरंत-फुरत दौरे और उनकी रिपोर्ट के बाद अब पश्चिम बंगाल में कभी भी ममता सरकार को बर्खस्त कर राष्ट्रपति शासन की घोषणा की जा सकती है, जबकि इस प्रदेश में अगले वर्ष विधानसभा के चुनाव होना है और भाजपा इस प्रदेश पर भी अपना वर्चस्व कायम करना चाहती है।

अब देश के विभिन्न हिस्सों में जो कुछ भी घटित हो रहा है, वह सबसे अहम् चिंता का विषय है, 2026 में होने वाले चुनावों से पहले तमिलनाडु में उत्तर-दक्षिण की दरारें गहरा रही है और मुर्शिदाबाद के बाद पश्चिम बंगाल में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की संभावना बढ़ रही है, ये दोनों ही परिदृष्य देश की भावी राजनीति के लिए चिंताजनक बने हुए है। अब एक ओर जहां देश राजनीतिक दृष्टि से खतरनाक मोड़ पर खड़ा है, वहीं उप-राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी ने कई नए संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए है, वह भी न्यायपालिका और विधायिका के अधिकारों को लेकर। उप-राष्ट्रपति जी का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय राष्ट्रपति को कोई आदेश-निर्देश नही दे सकता, उन्होंने न्याय पालिका को उसकी संवैधानिक सीमाऐं याद दिलाई है और कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय सुपर संसद बनने का प्रयास न करें, कानून बनाना संसद का अधिकार है और जहां तक चुनावों का सवाल है सरकार जनता के प्रति जिम्मेदार है, सरकार व संसद के साथ संवैधानिक सर्वोच्च पदों की भी अपनी सीमाऐं है, जिनके अधीन रहकर सभी को काम करना चाहिए। जबकि अब धीरे-धीरे न्याय पालिका का व्यवहार 'संसद' जैसा होता जा रहा है। देश में घट रही राजनीतिक घटनाओं के चलते उप-राष्ट्रपति जी पिछले दिनों काफी मुखर हो गए, उन्होंने शीर्ष अदालत द्वारा कथित तौर पर संविधान की मनमानी व्याख्या पर भी घोर आपत्ती जताई और कहा कि लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ परमाणु मिसाईल बन गया है, अनुच्छेद-142 उन्होंने कहा कि जजों की नियुक्ति का अधिकार न्याय पालिका द्वारा अपने पास रखना भी संविधान की मूल भावना के विपरीत है। जबकि न्याय पालिका की कार्य प्रणाली यह है कि जज के दरवाजे पर मिली सम्पत्ति की प्राथमिकी आज तक दर्ज रही हुई। इस प्रकार कुल मिलाकर अब प्रजातंत्र के स्तंभ स्पष्ट रूप से एक दूसरे के सामने आक्रामक मुद्रा में आकर खड़े हो गए है, अब ऐसी स्थिति में हमारे प्रजातंत्र का हश्र क्या होगा? यही सबसे बड़ा आज चिंता का कारण है।

सुविचार

तलवार ही सब कुछ है, उसके बिना न मनुष्य अपनी रक्षा कर सकता है और न निर्बल की। – गुरु गोविंद सिंह

निज भाषा उन्नति अहै, सब भाषा को मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल। – भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

प्रसंग

## बुद्ध का संदेश

एक बार श्रावस्ती में भयंकर अकाल पड़ा। कई लोग भूख से तड़पकर ए मर गए। सबसे चिंताजनक स्थिति उन माताओं की थी. जिनकी गोद में दुधमुंह बच्चे थे और उनके घर के पुरुष काल के गाल में समा चुके थे। बुद्ध को जब यह पता चला तो वे चिंतित हो गए। उन्होंने तत्काल धनवान लोगों की एक सभा बुलवाई और उनसे कहा, आप इन माताओं और इनके बच्चों की रक्षा करें। वहां उपस्थित लोग बोले, हमारे पास अनाज तो है, पर वह एक वर्ष ही चल पाएगा। इसमें से हमने दूसरों को अन्न दिया तो हमारा परिवार भूखों मर जाएगा। दूसरे घर का दीया जलाना भी तभी अच्छा लगता है जब अपने घर का दीया जल रहा हो। इस पर बुद्ध गंभीर होकर बोले, आप लोग अपने स्वार्थ से ऊपर नहीं उठ पा रहे। क्या आपको विश्वास है कि आपके सदस्य की मृत्यु केवल अन्न न मिलने के कारण ही हो सकती है? क्या वे कोई अन्य रोग या दुर्घटना से बचे रहेंगे? क्या आप इस बात के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं कि एक साल में इन पीड़ित व्यक्तियों के अलावा कोई और काल का ग्रास नहीं बनेगा? आपको भविष्य के बारे में सब कुछ कैसे पता? यह सुनकर सभी ने अपने सिर नीचे कर लिए। इसके बाद बुद्ध बोले, भाइयो, आपदाओं से मिलकर ही निपटा जाता है। यदि आज आप इनकी मिलकर सहायता करेंगे, तो अकाल जैसी इस विपत्ति से मुक्ति संभव है। किंतु यदि आप इनकी मदद नहीं करेंगे तो जीवन भर कोई आपकी सहायता करने को भी तैयार नहीं होगा। याद रखिए, विपत्ति में पड़े लोगों की सहायता करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यह सुनकर श्रावस्ती के सभी सेठों और व्यापारियों ने अपने अनाज के भंडार खोल दिए।

जरा हटके

## धीरे-धीरे अपनी ही मौत की ओर बढ़ता गया ग्रह, वैज्ञानिक हैरान

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिका के खगोलविदों ने अंतरिक्ष में चौंकाने वाली घटना देखी है, जो एक तारे और उसके ग्रह के साथ घटित हुई। इस घटना में ग्रह धीरे-धीरे अपनी ही मौत की ओर बढ़ता गया और अंततः तारे में समा गया। यह घटना न केवल खगोलशास्त्रियों के लिए चौंकाने वाली है, बल्कि यह हमें ग्रहों के जीवन और उनके अंत को लेकर भी नए सवालों से रूबरू कराती है। यह पूरी घटना 2020 में शुरू हुई, जब वैज्ञानिकों ने 12,000 प्रकाश वर्ष दूर एक तारे को अचानक बहुत तेज चमकते हुए देखा। कुछ समय के लिए वह तारा 100 गुना ज्यादा चमकदार हो गया, लेकिन फिर अचानक धुंधला पड़ गया। वैज्ञानिकों को पहली बार यह आभास हुआ कि शायद यह तारा अपने किसी ग्रह को निगल रहा है। यह पहली बार था जब किसी तारे को इस तरह की गतिविधि करते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा गया।

इससे यह समझने का एक अनूठा अवसर मिला कि जब सूर्य जैसे तारे विशाल और लाल हो जाते हैं, तो उनके नजदीक के ग्रहों का क्या होता है। उस समय एमआईटी के खगोल भौतिकीविद किशलय डे ने कहा था कि यह हमारे अपने सौरमंडल का भविष्य हो सकता है। लेकिन असली तस्वीर बाद में सामने आई, जब अमेरिका के नोयेरलेब के खगोलशास्त्री रयान लाउ और उनकी टीम ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) से उस तारे का गहराई से अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि यह तारा अपेक्षाकृत छोटा और ठंडा था, जो अपने जीवन के शुरुआती चरण में था। यह इतना विशाल नहीं था कि अपने गुरुत्वाकर्षण से किसी ग्रह को निगल सके। इसका मतलब यह हुआ कि ग्रह खुद ही तारे की तरफ गिरता चला गया और अंत में उसमें समा गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस घटना में हॉट ज्यूपिटर जैसे ग्रह की भूमिका रही होगी। ये ऐसे विशाल गैसीय ग्रह होते हैं जो अपने तारों के बहुत नजदीक चक्कर लगाते हैं। इतने करीब कि उनकी सतहें धीरे-धीरे भाप बनकर उड़ती रहती हैं और वे तारे के चारों ओर एक गैसीय पूंछ बनाते हैं। लंबे समय में उनकी कक्षा सिकुड़ती जाती है और अंततः वे तारे से टकराकर खत्म हो जाते हैं। यही प्रक्रिया झेडटीएफ एसएलआरएन-2020 नामक तारे के साथ हुई प्रतीत होती है। इस ग्रह की कक्षा बुध ग्रह से भी अधिक नजदीक थी और लाखों सालों में वह तारे के वायुमंडल को छूने लगा। अंततः वह पूरी तरह से उसमें समा गया, जिससे चारों ओर ठंडी गैस का बादल बन गया।

फोटो ऑफ द डे



कनाडा में 2025 पयट एक्सपो में एक दाड़ी वाले ड्रेगन को देखते हुए। इस सालाना इवेंट में कई जानवरों को दिखाया जाता है। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

# अमेरिका में गुल्ली डंडा

–उमेश अग्निहोत्री

जब से अमेरिका आया हूँ गोल्फ खेलने का शौक हो गया है। ज़रा मौसम खुला देखा नहीं कि गोल्फ कोर्स की तरफ़ रवाना। क्या डिग्निटी वाला खेल है साहब। क्या तो खामोशी, और क्या तो ग्रीनरी... और एक्सरसाइज़ की एक्सरसाइज़। 18-19 होल का कोर्स। बॉल एक बल्ले बीस। अकेले खेलो। सामने किसी दूसरे की भी ज़रूरत नहीं। किसी प्रोफ़ेशनल का स्कोर हाथ में और एक होल से दूसरे होल की तरफ़ चलते चलो। बॉल को हिट करते हुए बॉल हिले न हिले मिट्टी ज़्यादा उड़े तो भी चिंता नहीं कोई देखकर खी-खी कर हँसने वाला भी नहीं। कैडी साथ में हो तो उसकी ट्रेनिंग है कि हँसना नहीं है। इस तरह खेलने वाले का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। यह आत्मविश्वास फिर जीवन के दूसरे पहलुओं में भी नज़र आता है। आत्मविश्वास बढ़ानेवाला खेल है यह। जब मैं अपने ग्लव्ज़ के ले गोल्फ कोर्स में जाता हूँ सच पूछे वर्ल्ड पावर महसूस करता हूँ। मुझे तो लगता है कि वर्ल्ड पावर बनने के लिए गोल्फ खेलना चाहिए...। तभी तो अमेरिकी इसे खेलते हैं। दिस इज़ दि अलटिमेट गेम। खेलते हुए लगता है नेचर, ब्रह्मांड, ब्रह्म के साथ सीधे मैच हो रहा है। यह खेल है या बिल्स। लोग कहते हैं संगीत साधना है, मैं कहता हूँ गोल्फ साधना है, खेल-का-खेल, साधना-की-साधना।

लेकिन साहब पिछले हफ़्ते अपने पर अजीब गुज़री, अपना बचपन का लंगोटिया ब्रह्मस्वरूप उर्फ़ पिल्लू भारत से आया हुआ था। मैं उसे अपनी गोल्फ क्लब में ले गया और बता रहा था, आदमी एटम बम बनाने से सुपर पावर नहीं बनता, उसके लिए गोल्फ खेलना भी आना चाहिए। जैसे अमरीकी प्रेसीडेंट खेलते हैं। न्यूक्लिअर क्लब की सदस्यता लेने से पहले गोल्फ क्लब के सदस्य तो बनो। ब्रह्मस्वरूप ने हरा-भरा मैदान क्या देखा- अपनी जेब से छोटी-सी लकड़ी का एक टुकड़ा निकाला और बोला, ज़रा अपना डंडा देना। मैंने पूछा, क्या मतलब? बोला, गुल्ली-डंडा खेलेंगे।

मैंने दाएँ-बाएँ देखा, कहा, ब्रह्मस्वरूप होश में तो हो।क्र वह बोला, यार भारत में खेलने के लिए इतना बड़ा मैदान ही नहीं मिला, और तुम्हारे साथ बिताए बचपन के वह दिन याद करना चाहता हूँ जब हम गुल्ली-डंडा खेला करते थे... मैं तुम्हें पदाता था और तुम पदते थे? यहाँ दस कोर्स तक पदाऊँगा। याद नहीं गुल्ली डंडे में तुम्हारी मेरी दिलचस्पी की वजह से बचपन में मुझे पिल्लू और तुम्हें गुल्लू बुलाया करते थे।

मैंने कहा, ब्रह्मस्वरूप? कहाँ गोल्फ, कहाँ गुल्ली-डंडा। उसने गुल्ली ग्रीन पर रख दी। मुझे लगा कालीन जैसी बारीक हरी घास की इनसल्ट हो गई। मैंने उसी वक्त उठा ली गुल्ली, यार तू मेरी मेंबरशिप कैंसिल करवाएगा। वह बोला, आइडिया कैसा है...गुल्ली डंडा इन गोल्फ कोर्स। कभी इस पिच पर खेल रहे हैं, कभी उस पिच पर। गुल्ली कोर्स। गुल्ली कोर्स सुनकर मेरे मुँह का ज़ायका कुछ ऐसा बिगड़ा कि उसके बाद टीक्रपर बॉल रखूँ तो गुल्ली नज़र आए...। वह बोलता रहा, अगर सोचो गुल्ली-डंडा खेलने के लिए गोल्फ खेलने से ज़्यादा कंसेंट्रेशन चाहिए। कैल्कुलेशन भी अच्छी आनी चाहिए।

चिंतन-मनन

# सबसे अच्छा सखा है ज्ञान

आत्मा ही आनन्द का स्वरूप है। किसी भी सुखद अनुभूति में तुम आंखे मूंद लेते हो। जैसे जब किसी फूल को सूंघते हो, कोई स्वादिष्ट खाना चखते हो या किसी वस्तु को स्पर्श करते हो। दुख का केवल यही अर्थ है कि तुम अपरिवर्तनशील आत्मा पर केन्द्रित होने के बदले विषयवस्तु में फंसे हो, जो परिवर्तनशील है।

सभी इन्द्रियां केवल डाइविंग बोर्ड की भांति हैं जो तुम्हें वापस आत्मा तक पहुंचाती हैं। स-खा का अर्थ है वह ही इन्द्रिय है। सखा वह है जो तुम्हारी इन्द्रिय बन गया है, जो तुम्हारी इन्द्रिय ही है। यदि तुम मेरी इन्द्रिय हो, इसका मतलब तुम्हारे द्वारा मुझे ज्ञान मिलता है, तुम मेरी छठी इन्द्रिय हो। जैसे मैं अपने मन पर विश्वास करता हूं, वैसे ही मैं तुम पर विश्वास करता हूं। एक मित्र केवल इन्द्रिय-विषय हो सकता है, परन्तु सखा स्वयं इन्द्रिय बन जाता है। सखा वह साथ है जो सुख और दुख, दोनों अनुभवों में साथ रहता है। सखा वह है जो तुम्हें आत्म स्थित करता है, यदि तुम किसी विषय वस्तु में फंसे हो। जो ज्ञान तुम्हें वापस आत्मा की ओर लाता है, वही सखा है। ज्ञान तुम्हारा साथी है और गुरु केवल ज्ञान के प्रतिरूप हैं। सखा का अर्थ है, वह मेरी इन्द्रियां हैं। मैं संसार को उसी ज्ञान के द्वारा, उनके माध्यम से देखता हूं। यदि तुम्हारी सोच देवी है, तो तुम समस्त संसार को दिव्य दृष्टि से देखोगे।

रोचक

# आमतौर पर अंधेरे में रहना पसंद करते हैं सांप

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों और शहरी बस्तियों में इंसानों और सांपों का आमना-सामना होना अब एक आम बात हो गई है। गर्मियों के मौसम में इस तरह की घटनाएं ज्यादा देखने-सुनने को मिलती है। यही वजह है कि सर्पदंश और उससे होने वाली मौतों के आंकड़ों में भी अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है।

हालांकि सोशल मीडिया पर इनसे बचाव के लिए कई घरेलू उपाय जैसे कुछ खास पौधों या जड़ी-बूटियों के इस्तेमाल का दावा किया जा रहा है, लेकिन विशेषज्ञों ने इन सभी तरीकों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि ये उपाय पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और इनका सांपों पर कोई असर नहीं होता। वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट्स की मानें तो सांप आमतौर पर उन जगहों पर रहना पसंद करते हैं, जहां अंधेरा हो, जगह तंग हो या सामान का ढेर लगा हो। साथ ही जहां चूहे, छिपकली या मेंढक जैसे छोटे जीव हों, वहां सांपों की मौजूदगी की संभावना ज्यादा रहती है, क्योंकि ये जीव उनका पसंदीदा भोजन हैं। जानकारों का कहना है कि अगर आप चाहते हैं कि सांप आपके घर के आसपास न आएं, तो रोज़ाना घर की सफाई फिनायल जैसे तेज़ गंध वाले क्लीनर से करनी चाहिए। तेज़ गंध से सांपों को परेशानी होती है, जिससे वे उस स्थान से दूर रहते हैं। इसके अलावा, मछली या मांस पकाने के बाद उनकी जूठन या अवशेषों को घर के आसपास फेंकने से बचना चाहिए।

# चीन ने बनाया नॉन न्यूक्लियर हाइड्रोजन बॉम्ब, परीक्षण से दुनिया में हड़कंप

## वैज्ञानिकों का दावा- ये बम से कम रेडिएशन से करेगा ज्यादा नुकसान

**बीजिंग।** अमेरिका और चीन ट्रैरिफ वॉर को लेकर एक दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। टैरिफ वॉर से शुरू हुआ विवाद अब टेक्नोलॉजिकल और मिलिट्री पावर की होड़ तक पहुंच गया है। इस दौड़ में चीन ने जबरदस्त चाल चली है जिसने अमेरिका समेत दुनियाभर को हैरानी में डाल दिया है। चीन के नए नॉन न्यूक्लियर हाइड्रोजन बॉम्ब बना लिया है।

चीनी वैज्ञानिकों ने नॉन न्यूक्लियर हाइड्रोजन बॉम्ब का सफल परीक्षण किया है। ये दिखने में बहुत छोटा है, लेकिन यह बहुत खतरनाक। बिना न्यूक्लियर मैटेरियल के ये बम अब अमेरिका को टेंशन देगा। सिर्फ दो किलो वजनी इस बम ने एक हजार डिग्री सेल्शियस की गर्मी वाला एक आग का गोला बना दिया वह भी महज 2 सेकेंड के अंदर। ये दिखने में छोटा लगे लेकिन इसका असर पारंपरिक विस्फोट से कहीं ज्यादा भयानक है।

टीएनटी जहां सिर्फ 1-2 सेकेंड में खत्म हो जाता है। वहीं ये हाइड्रोजन बम सेकेंडों तक जलता और फैलता है और अपने आसपास की हर चीज को तबाह कर देता है। इस बम को चीन के स्टेटशिप बिल्डिंग कॉरपोरेशन 705 रिसर्च इंस्टीट्यूट ने तैयार किया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस डिवाइस में मैग्नीशियम-आधारित सॉलिड-स्टेट हाइड्रोजन स्टोरेज मटीरियल का इस्तेमाल किया गया है।

वैज्ञानिकों ने बताया कि मानक विस्फोटकों द्वारा ट्रिगर किए जाने पर, पदार्थ तेजी से टूट जाता है और हाइड्रोजन गैस छोड़ता है। यह गैस फिर प्रज्वलित होती है, जिससे एक तीव्र और निरंतर ज्वाला निकली है। इस तरह के तंत्र का इस्तेमाल इसकी सघनता और ऊर्जा घनत्व के कारण उच्च ऊर्जा प्रणोदन प्रणालियों या उन्नत हथियारों में संभावित रूप से किया जा सकता है।

चीनी वैज्ञानिकों का दावा है कि ये बम कम खर्च में कम रेडिएशन के जोखिमों के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। इसका सीधा मतलब है कि चीन अब परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किए बिना भी सुपर वेपन बना रहा है। चीन इस नए हथियार के जरिए कई निशाने एक साथ लगाने की कोशिश में है, जिससे ना तो किसी अंतरराष्ट्रीय संधि का उल्लंघन हो और ना ही दुश्मन पर बड़ा हमला करने के लिए विकल्पों की कमी रहे।



यूक्रेन में एक उम्रदराज महिला ईस्टर समारोह के दौरान अपनी टोकरी ठीक से रखती हुई।

# पीएम मोदी और सऊदी प्रिंस करेंगे मुलाकात, रक्षा संबंधों को मजबूत करने होगी बात

**रियाद।** पीएम नरेंद्र मोदी 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब के दौरे पर जा रहे हैं। पीएम मोदी का यह दौरा भारत और सऊदी अरब के रक्षा संबंधों के लिहाज से खास है। इस दौरान भारत और सऊदी अरब के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए कई समझौते हो सकते हैं। इसमें सऊदी सेना को भारतीय सेना की ओर से ट्रेनिंग देना भी शामिल है। इससे पहले पाकिस?तानी फौज सालों से सऊदी सेना को ट्रेनिंग देती रही है।



भारत और सऊदी अरब में रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ा है। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण और रक्षा व्यापार बढ़ा है। दोनों की रक्षा साझेदारी में बड़ा घटनाक्रम बीते साल देखने को मिला, जब दोनों देशों के बीच पहली बार संयुक्त भूमि सेना अभ्यास हुआ था। प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर भी नियमित रूप से दोनों देशों में बातचीत हो रही है। भारत बीते कुछ समय में सऊदी अरब को रक्षा सामग्री का एक अहम आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है।

पिछले साल सऊदी अरब को करीब 225 मिलियन डॉलर के गोला-बारूद के निर्यात पर एक विशेष समझौता हुआ था। इसके बाद 2023 में 80 मिलियन डॉलर का समझौता हुआ। सऊदी अरब विजन 2030 में भी रक्षा व्यय के 50 फीसदी स्थानीयकरण करना चाहता है। इसने भी भारत के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा किए हैं। पिछले दो सालों में 80 सऊदी नौसैनिक कैडेटों को भारत में ट्रेनिंग मिली थी। ये बढ़ते रक्षा संबंध ना केवल द्विपक्षीय सुरक्षा में बल्कि पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता में भी योगदान करते हैं। दोनों देश समुद्री व्यापार मार्गों और वैश्विक चोकपॉइंट्स की सुरक्षा पर मिलकर काम कर रहे हैं। साल 2019 की पीएम मोदी की रियाद यात्रा के दौरान दोनों देशों ने हिंद महासागर और खाड़ी में जलमार्गों को सुरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया था।

# म्यांमार में आए भूकंप से खिसक गई करीब 20 फीट जमीन

## जियोलोजिस्ट ने कहा- जमीन खिसकना या सतह का टूटना सामान्य बात

**नेपिडो।** म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि इससे एक असाधारण घटना हुई है। सागाइंग फॉल्ट के पास करीब 20 फीट तक की जमीन खिसक गई है। यह भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के बीच का एक प्रमुख फॉल्ट जोन है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपियन स्पेस एजेंसी सेंटिनेल 1ए और सेंटिनेल 2बी/सी सेटेलाइट, नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी और क्लोटेक सिस्मोलॉजिकल लेबोरेटरी ने हाल ही में पाया है कि यह अब तक के इतिहास का सबसे बड़ा स्ट्राइक-स्लिप है। एडवांस रैपिड इमेजिंग और एनालिसिस टीम ने पहले और बाद की तस्वीरों की तुलना की है। इससे पता चला है कि कुछ जगहों पर करीब 9 फीट तक जमीन खिसक गई है। वहीं कई जगहों पर यह 20 फीट तक खिसकी है।

रिपोर्ट में जियोलोजिस्ट का कहना है कि म्यांमार में आए भूकंप की वजह से जमीन का खिसकना या सतह का टूटना एक सामान्य परिणाम है। यह विशेष रूप से बड़े भूकंप के झटकों की वजह से होता है। मांडले में आए भूकंप की वजह से हजारों इमारतें जमींदोज हो गई थी। इसकी वजह से 3000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। वहीं कई लापता भी हैं। भूकंप की वजह से 4000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। म्यांमार में आए भूकंप के झटकों को थाईलैंड के बैंकॉक तक महसूस किया गया था।

# अमेरिकी हवाई हमलों में 12 लोगों की मौत, 30 घायल, हूती विद्रोहियों ने की पुष्टि

**सना।** यमन की राजधानी सना पर अमेरिकी हवाई हमलों में 12 आम लोगों की मौत हो गई है और 30 घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को इस हमले की पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर यमन पर हमले कर रहा है। अमेरिकी सेना की 'सेंट्रल कमांड' ने रविवार को हुए इन हमलों की जिम्मेदारी लेने वाला कोई बयान जारी नहीं किया है। हूती विद्रोहियों ने बताया कि ये हमले सना के शूब जिले में फरवा बाजार पर किया गया। इस क्षेत्र को अमेरिका ने पहले भी निशाना बनाया है। रविवार को देश के अन्य इलाकों को भी निशाना बनाया गया। इससे पहले, यमन के हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले रास ईसा बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले में 70 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 171 घायल हुए थे।

## आज का इतिहास 22 अप्रैल

1529 स्पेन और पुर्तगाल ने प्रशांत में अपने हितों को रक्षा के लिए एक समझौता किया.

1724 जर्मन दार्शनिक इमैनुएल कांट का जन्म हुआ.

1796 फ्रांस के नेपोलियन बोनापार्ट ने पाइमो सेना को पराजित किया.

1919 प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सेना ने पश्चिमी मोर्चे पर पहली बार जहरीली गैस का प्रयोग किया.

1921 नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आईसीएस से इस्तीफा दिया.

1926 फ्रांस, तुर्की और अफगानिस्तान में आपसी सुरक्षा संधि हुई.

1931 मिस्त्र और इराक में मैत्री संधि हुई.

1946 चीन ने अपने अधीन तिब्बत को क्षेत्रीय स्वायत्तता देने के लिए दलाई लामा की अध्यक्षता में समिति गठित की.

1958 नौ सेना के प्रथम भारतीय प्रमुख आर. डी. कटारी ने पदभार संभाला.

1969 ब्रिटेन के राबिन नाक्स जान्सन ने समुद्री मार्ग से दुनिया की यात्रा अकेले पूरी की.

1986 लंदन की एक अदालत ने एक अरब को इजरायली विमान को बम से उड़ाने की कोशिश के लिए दोषी करार दिया.

1996 असम के मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया का निधन.

## प्रसंगतः युवक की ईमानदारी

एक बार राजा भोज अपने दरबार में बैठे थे, तभी द्वारपाल ने आकर सूचना दी, 'महाराज, एक दुबला-पतला, अत्यंत नर्धिन युवक आपसे मिलना चाहता है। हमने उससे पूछने की बहुत कोशिश की कि आखिर वह आपसे क्यों मिलना चाहता है, पर वह कुछ नहीं बता रहा। वह बस आपसे मिलने की रट लगाए हुए है।' राजा भोज ने उस निर्धन युवक को बुलाने की अनुमति दे दी। वह युवक अंदर आया और राजा को नमस्कार कर बोला, 'महाराज, मेरी मां की तबीयत बहुत खराब है। इसलिए मैं मदद के लिए आपके पास चला आया।' भोज ने यह सुनकर कहा, 'तुम्हारी मां का इलाज होना ही चाहिए।' उन्होंने अपने खजांची से उस निर्धन युवक को एक हजार स्वर्ण मुद्राएं देने को कहा। युवक बोला, 'क्षमा करिए, मां की चिकित्सा के लिए पचास स्वर्ण मुद्राएं ही पर्याप्त हैं। मां के स्वस्थ होने पर मैं कोई न कोई काम अवश्य ढूंढ लूंगा।' युवक की यह बात सुनकर राजा भोज समेत वहां उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। भोज बोले, 'युवक, मैं तुम्हें स्वेच्छा से एक हजार स्वर्ण मुद्राएं दे रहा हूं किंतु तुम उन्हें लेने से इनकार क्यों कर रहे हो?' युवक ने उत्तर दिया, 'महाराज, मैं लेने से इनकार नहीं कर रहा किंतु इस समय मुझे वास्तव में मात्र पचास स्वर्ण मुद्राओं की आवश्यकता है। फिर मैं अधिक क्यों लूं? राजकोष का धन भी तो हमारा ही है और यदि हम उसे व्यर्थ बर्बाद करेंगे तो अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को आगे धन नहीं मिल पाएगा और संभव है कि आगे चलकर आप जैसे नेक व दयालु राजा भी न हों। इसलिए हर व्यक्ति को राजकोष से उतनी ही सहायता लेनी चाहिए जितनी उसे सचमुच आवश्यकता हो।' युवक की बात सुनकर राजा भोज समेत सभी लोग उसकी मुक्त कंठ से सराहना करने लगे। भोज ने उस युवक को अपने राजदरबार में नियुक्त कर दिया और बोले, 'राज्य को तुम जैसे होनहार व ईमानदार व्यक्तियों की ही आवश्यकता है।'

## दैनिक पंचांग

**22 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.52 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 08.50 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 11.04 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.20 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.32 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.43 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.57 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.19 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 02.05 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मीन | 03.38 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 05.08 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 112 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 18.13 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 12.44 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 21.13 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 06.42 बजे तदनन्तर गर 18.13 बजे को समाप्त।

**चन्द्रायु** 23.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872322
**जूलियन दिन** 2460787.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 23
**विशेष** पृथ्वी दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि नवमी, मंगलवासरे, श्रवण नक्षत्रे, शुभ योगे, गरकरणे, भद्रा 46/56 पंचक प्रारंभ रात्रि 7/19 से, रोग स्नान मुर्हूत हल प्रवाहन तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चुतर, चंचल किन्तु जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, लकड़ी का व्यापारी, ठेका चलाने वाला, ठेकेदार, भवन निर्माणकर्ता होगा।




मेष राशिः व्यापार में प्रगति, यात्रा-सुख, खर्च अधिक होगा तथा व्यर्थ का विरोध होगा।

वृष राशिः कलह, अभीष्ट-सिद्धी, धन-लाभ, चिन्ता, शारीरिक सुख, मांगलिक कार्य अवरोध होगा।

मिथुन राशिः भ्रमण, व्यापार लाभ, रक्त-विवाद, सामाजिक कार्यों में बाधा, व्यवधान होगा।

कर्क राशिः विद्या बाधा, व्यापार मध्यम, धार्मिक कार्य एवं शुभ कार्य में विरोध होगा, ध्यान दें।

सिंह राशिः स्त्री-संतान सुख, यात्रा बाधा, विवाद, आर्थिक सुधार होगा, प्रतिष्ठा बड़ेगी।

कन्या राशिः भूमिलाभ, प्रवास-कष्ट, व्यापार बड़ेगा, शुभ समाचार प्राप्ति, प्रसन्नता का योग बनेगा।

तुला राशिः कारोबार में मध्यम सफलता, स्त्री-कष्ट, व्यर्थ अनाप-सनाप व्यय से परेशानी होगी।

वृश्चिक राशिः थोड़ा लाभ होगा, खेती की चिंता, उलझन, शिक्षा की स्थिति सामान्य लाभदायक होगी।

धनु राशिः घरु सुख, हानि, उन्नत खेती योग मध्यम तथा कुछ अच्छे कार्य अवश्य ही बन जायेंगे।

मकर राशिः हर्ष, भूमिलाभ, कारोबार बड़ेगा, कारोबार में सावधान रहना आवश्यक है।

कुंभ राशिः हानि, राजभय, स्त्री-सुख, कार्यसिद्धी, जमीन-जायजाद, गृहकार्य में सफलता के योग बनेंगे।

मीन राशिः विद्या-बाधा, विवाद, चोरों से भय, पारिवारिक लोगों से लाभ तथा सफलता अवश्य मिलेगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# यूरोप में बढ़ेगा तनाव, ब्रिटेन ने पोलैंड में तैनात किए टाइफून विमान

**लंदन।** ब्रिटेन ने नाटो क्षेत्र में रूसी के जासूसी विमानों और फाइटर जेट को रोकने के लिए अपने टाइफून विमानों को पोलैंड में तैनात किया है। ब्रिटेन का कहना है कि नाटो के हवाई क्षेत्र में रूसी जेट दिखाई देने के बाद ये फैसला हुआ। हालिया दिनों में रूसी जेटों और ब्रिटिश विमानों का आमना-सामना भी हुआ है। रूसी विमानों को रोकने के लिए ब्रिटिश लड़ाकू विमानों ने बीते हफ्ते दो से तीन बार उड़ान भरी है। बाल्टिक सागर पर ये घटनाक्रम ब्रिटेन की ओर से नाटो हवाई क्षेत्र की रक्षा के लिए पूर्वी पोलैंड में छह जेट विमानों की तैनाती के बाद हुई हैं।

ब्रिटेन के सशस्त्र बल मंत्री ल्यूक पोलार्ड ने कहा है उनका देश नाटो के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि रूसी खतरे को देखकर वे अपने सहयोगियों को सुरक्षित रखने और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इस मिशन से पता चलता है कि वे नाटो के नए सदस्य स्वीडन के साथ मिलकर काम कर सकते हैं और गठबंधन के हवाई क्षेत्र की रक्षा कर सकते हैं।

ब्रिटिश टाइफून विमानों ने रूसी जासूसी विमानों और सैन्य जेटों को रोकने के लिए उड़ान भरी है। हवा में ब्रिटिश और रूसी विमानों की इस खींचतान से क्षेत्र में तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है। टाइफून विमान पोलैंड के बेस पर तैनात हैं। ये जेट स्वीडन के विमानों के साथ बेस पर हैं।

यूरोप की सीमाओं को भविष्य में रूसी आक्रमण से बचाने के प्रयास को ऑपरेशन चेसमैन कहा गया है। ब्रिटिश मंत्री पोलार्ड ने कहा है कि रूसी आक्रामकता से बढ़े सुरक्षा खतरे को देखकर हम अपने सहयोगियों को आश्वस्त करना चाहते हैं। हम विरोधियों को रोकने और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा बेहतर करने पर आगे बढ़ रहे हैं।

ब्रिटेन ने लगातार यूक्रेन के समर्थन की बात कही है। ब्रिटेन ने कहा है कि वह यूक्रेन में शांति सेना भेजने पर विचार कर रहा है। फ्रांस ने भी रूसी खतरे पर बार-बार बात की है। पोलैंड और बाल्टिक राज्यों ने अपनी सुरक्षा को मजबूत करना शुरू कर दिया है। पोलैंड की बेलारूस और रूस के कालिनिग्राड क्षेत्र में अपनी सीमाओं पर एंटी-टैंक माइंस लगाने की योजना है।

## भगवान बुद्ध के पवित्र दांत की फोटो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**कोलंबो।** श्रीलंका में भगवान बुद्ध के पवित्र दांत की एक कथित फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। इसके बाद विवाद खड़ा हो गया है। पुलिस ने बताया कि वे इसकी जांच कर रहे हैं कि ये फोटो ली कैसे गई, क्योंकि जिस जगह यह दांत रखा गया है, वहां मोबाइल और कैमरा ले जाना मना है। यह फोटो कैंडी शहर के दंत मंदिर की बताई गई है। यहां 16 साल बाद भगवान बुद्ध के दांत को लोगों के दर्शन के लिए प्रदर्शनी में रखा गया था। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और सच का पता जांच पूरी होने के बाद चलेगा। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच की जा रही है ताकि यह पता चल सके कि यह तस्वीर कब और कैसे खींची गई। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की मदद भी ली जाएगी।

इस बीच, कैंडी शहर के दंत मंदिर में भगवान बुद्ध के इस दुर्लभ अवशेष के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर के बाहर कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं। 65 साल की गीतानी मेंडिस जो दो बच्चों की मां हैं, उन्होंने मंदिर के प्रवेश द्वार पर कहा, यह एक बहुत ही खास मौका है। हम दांत के अवशेष की पूजा कर पा रहे हैं, चाहे हमें कितनी भी देर कतार में क्यों न लगना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेला 23 को

**बांदा।** जिला सेवायोजन अधिकारी बांदा मोहित जायसवाल ने बताया है कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बाँदा द्वारा कार्यालय परिसर, बंगालीपुरा प्रधान डाकघर के सामने 23 अप्रैल बुधवार को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कम्पनियों विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों तथा मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियों तथा फोटो अवश्य लावें। अभ्यर्थी इस स्वर्णिम मौके का लाभ अवश्य उठायें एवं अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित हो।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक हुई संपन्न

**कानपुर में दुर्घटना के दौरान दिवंगत शिक्षकों की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना**



**बांदा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा की मासिक बैठक नटराज म्यूजिक महाविद्यालय में दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुई जिसमें समस्त जिला एवं ब्लाक पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा की मासिक बैठक में पूरे माह की समस्त ब्लॉकों से प्राप्त समस्याओं को एकत्रित करते हुए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराने हेतु एकत्रित किया गया। विगत वर्ष 2024-25 की सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई और यह पाया गया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने अपनी सदस्य संख्या में वृद्धि की है ।बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियो द्वारा अवगत कराया गया कि कई खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि में कमीशन की मांग की जा रही है। बर्तन क्रय हेतु प्राप्त धनराशि में से अनधिकृत धनराशि की मांग की जा रही है जिसको उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने का निर्णय लिया गया। जिला महामंत्री भरत यादव ने कहा कि शिक्षकों का ऐसा शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में समस्त ब्लाक अध्यक्ष, महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन संयुक्त महामंत्री विनोद कुमार शिवहरे ने किया।

### दिनेश दीक्षित संघर्षी बने साहित्य सभा के जिला संयोजक

**चित्रकूट।** कला व साहित्य की भूमि चित्रकूट ने एक बार फिर अपने युवा कवि के माध्यम से पूरे बुन्देलखण्ड की साहित्यिक चेतना को गर्व से आलोकित किया है। युवा कवि दिनेश दीक्षित संघर्षी को उत्तरप्रदेश साहित्य सभा के चित्रकूट जिला संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है, साथ ही उन्हें बुन्देलखण्ड गौरव सम्मान से भी अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें बाँदा में आयोजित उत्तरप्रदेश साहित्य सभा एवं कलार्पण (भारत) के मंडलीय अधिवेशन में दिया गया। दिनेश दीक्षित संघर्षी का सम्मान बैज अलंकरण, अंगवस्त्र, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से किया गया। मंडलीय अधिवेशन के मौके पर युवा कवि संघर्षी के ओजस्वी एवं संवेदनशील काव्यपाठ ने सबका मन मोह लिया। नासा वैज्ञानिक डॉ अशोक प्रजापति, सरसंघचालक संजय पाठक, परिवहन अधिकारी शंकर सिंह, एएसपी बाँदा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं वरिष्ठ साहित्यकार अर्जुन सिंह चाँद सहित कई विशिष्ट जनों ने उनकी प्रतिभा की सराहना की।

### लोढवारा मोड़ पर सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत

**चित्रकूट।** जिले में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक होनहार युवक की जान ले ली और उसके परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया। कर्वी-पहाड़ी मार्ग पर स्थित लोढवारा मोड़ के पास एक अज्ञात ऑटो ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे 20 वर्षीय रोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक रोहित पुत्र स्वर्गीय गोरेलाल निवासी सीतापुर बस स्टैंड किसी निमंत्रण से लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। मृतक की पहचान पत्रकार राजू कुशवाहा के चचेरे भाई के रूप में हुई है।

# सम्मान समारोह मे गूंजा पत्रकार एकता

### अतर्रा में गूंजा पत्रकारिता का स्वाभिमान

### शपथ ग्रहण समारोह में दिखी अभूतपूर्व एकता





**बांदा।** अतर्रा तहसील रविवार को पत्रकारिता के स्वाभिमान, संगठन की एकजुटता और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की बुलंद आवाज का गवाह बनी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील इकाई का शपथ ग्रहण समारोह सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, बांदा रोड स्थित परिसर में गरिमामय और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। वही विगत दिनो ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपा अध्यक्श श्रवन कुमार दिवेदी के निधन पर पहले दो पल के लिये मौन धारन किया गया । वही आये हुये अतिथियो द्वारा माता सरास्वति के प्रतिमा पर फूल चधाये गये और साथ मे बैच अलंकरन किया गया ।

समारोह के मुख्य अतिथि लोकतंत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव मोहन गुप्ता 'बाबूजी' ने कहा, जिस कलम ने अंग्रेजों से लोहा लिया, वह अन्याय और झूठ के खिलाफ भी डटेगी। पत्रकारिता डर से नहीं, हौसले से चलती है। उनके विचारों ने पत्रकारों को सच्चाई के मार्ग पर डटे रहने की नई प्रेरणा दी। तहसील अध्यक्ष अवधेश शिवहरे और उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सभी पत्रकारों को अंगवस्त्र, गौरा बाबा सरकार का चित्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पत्रकारों के समर्पण, संघर्ष और सच्चाई के प्रति अडिग रहने के भाव को सार्वजनिक रूप से मान्यता देने वाला क्षण बना। जिले भर में जो भी साथी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के साथ हैं, वे कदम से कदम मिलाकर संगठन को मजबूत करेंगे। हम अपनी कलम को कभी नहीं रोकेंगे। फाल्ट की ताकत से भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे और जनता की आवाज को शासन-सत्ता तक पहुंचाएंगे। यह हमारा कसम है, जिसे निभाना हम सबका दायित्व है। विशिष्ट अतिथियों में जेडीयू महिला प्रदेश अध्यक्ष एवं नरैनी ब्लॉक प्रमुख शालिनी सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य मीराबाई पटेल, महासचिव शिवम सिंह और उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहारूअब पत्रकारों को डराने-धमकाने का दौर खत्म होना चाहिए। संगठित होकर ही हक और सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है। शालिनी सिंह पटेल का आह्वान दृ सच बोलने वालों को डरने की जरूरत नहीं।अपने प्रेरणादायक संबोधन में शालिनी सिंह पटेल ने कहा,आप सच का आईना दिखाते हैं। सरकारों को समय-समय पर अपनी गलतियों पर सुधार करने के लिए विवश करते हैं। इसलिए संगठित रहिए, कंधे से कंधा मिलाकर चलिए और सुरक्षित रहिए।卐हम निष्पक्षता के साथ जनता की आवा? उठाएंगे। फर्जी मुकदमों, दमन और हमलों का डटकर विरोध करेंगे। लोकतंत्र की रक्षा के लिए संगठित रहेंगे।इस मौके पर गरिमा सिंह पटेल (जदयू जिला अध्यक्ष समाज सुधार वाणी), ज्योति मौर्य (नगर अध्यक्ष, जदयू महिला प्रकोष्ठ), प्रवीण द्विवेदी, अनूप गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, आत्माराम त्रिपाठी, शशिकांत राजन, श्याम तिवारी, गिरिजा शरण तिवारी, संतोष कुशवाहा,जिला पंचायत सदस्य मीरा,शरद कुमार. समेत अनेक वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और ब?ाया। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता ने किया, जबकि सह-संचालन की भूमिका में संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय योगदान दिया।

### राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक संपन्न

**बांदा।** शहर के पीली कोठी स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा के निर्देशन पर संगठन के बांदा इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता एवं युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नीरज निगम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मासिक बैठक में आए हुए संगठन के पदाधिकारियों को उनका आईडी कार्ड प्रदान किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता एवं युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नीरज निगम द्वारा संगठन को और मजबूत करने एवं कार्यकारिणी को और बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई साथ ही सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संगठन को शशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए हम सबको एक होकर बेहतर कार्य के लिए अग्रसर होना चाहिए। वहीं संगठन के विस्तार हेतु नए पदों पर नियुक्तियों के लिए भी निर्देशित किया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग संगठन का हिस्सा बन सके तथा संगठन को और मजबूत बनाया जा सके। इस दौरान पत्रकारों के हितों को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही यह भी कहा गया कि अगर किसी पत्रकार पर कोई फर्जी दबाव बनाता है या शोषण करने का कार्य करता है या पत्रकारों के अधिकारों का हनन करता है तो राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 उसके सहयोग के लिए सदैव ही उसके साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान मासिक बैठक के आयोजन में मितेश कुमार, मुलायमचंद, श्रीकांत श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी देशी शराब की दुकान के बाहर हुयी मौत पर उठे सवाल

### कहीं शराब मे कुछ मिलाया तो नही गया जिससे हुयी मौत

**बांदा।** एक दिन पहले शहर के अंदर देशी शराब की दुकान पर एक व्रद्ध की मौत को लेकर पूरे जिले मे एक सवाल सा बन गया है लेकिन विभाग तो अपना ही अछा होने का दावा कर रहा है जिसके तहत विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया है की ये मौत एक मैरिज हाल के पास सरकारी देशी शराब की दुकान का मामला है जिससे साफ हो जाये की ये मौत शराब से नही बल्कि कुछ खाने के चलते हुयी है । मामला नगर कोतवाली के शहर अंत्तर्गत का है जहाँ पर सरकार द्वारा दिये गये सरकारी शराब देशी दुकान के बाहर का है जहाँ पर एक व्रद्ध की मौत की खबर मिली जिस पर मौके पर पहुचे कोतवाल द्वारा पंचनामा भर मेदिकल कालेज भेजा गया है ।वही आबकारी विभाग सदर तहसील के आबकारी निरीक्षक द्वारा अपने बात मे बताया गया की रविवार की दोपाहर 2 बजे देसी शराब दुकान पीली कोठी नंबर दो जनपद बांदा केअनुज्ञापी द्वारा दूरभाष पर सूचना दी गई कि एक वृद्ध भिखारी दुकान के पास मृत अवस्था में प?ा है जिसकी सूचना पास के बलखंडी चौकी में दी जा चुकी है। इस सूचना पर तत्काल ही आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 द्वारा उक्त देसी शराब दुकान में पहुंचकर विक्रेता एवं अनुज्ञापी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया की एक वृद्ध भिखारी जो अर्जुनाह का रहने वाला है, यही पास के मंदिर में रहता था जिसे लोग बाबा उर्फ भोले के नाम से जानते थे। वह बाहर कहीं से आकर पानी पीकर तख्त में लेट गया था थो?ी देर बाद पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। आसपास के लोगों से इस बाबत जानकारी प्राप्त की गई तो लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति इसी क्षेत्र में भिक्षा मांगता था तथा पिछले कई दिनों से बीमार था अतः बीमरी या अत्यधिक गर्मी के कारण इसकी मृत्यु हो गई है ।विक्रेता द्वारा बताया गया कि यह पिछले दो दिनों से शराब भी नहीं पिया था क्योंकि इसके पास पैसे नहीं थे और बिना पैसे के शराब मांग रहा था तो विक्रेता द्वारा नहीं दिया गया । देसी शराब दुकान पीली कोठी नंबर 2 का निरीक्षण भी किया गया निरीक्षण के दौरान स्टाक सही पाया गया तथा किसी भी प्रकार की कोई भी अनियमितता नहीं प्राप्त हुई ।इस व्यक्ति की मृत्यु का शराब की दुकान से किसी भी प्रकार का कोई भी वास्ता नहीं है । आसपास उपस्थित व्यक्तियों द्वारा भी इस बात की पुष्टि अपने बयान में की गई। एक अन्य व्यक्ति की मृत्यु राजगृह मैरिज हॉल बांदा के पास हुई है ।इस मैरिज हॉल से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित देसी शराब दुकान पीली कोठी नंबर 1ठ का भी निरीक्षण किया गया ।यहां का सारा स्टॉक नया है, वर्ष 2025-26 का ही है । पूरा स्टाक का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया जिसमें सारा स्टॉक सही पाया गया तथा दुकान पर किसी भी प्रकार की कोई भी अनियमितता नहीं पाई गई। राजगृह मैरिज हॉल के पास हुई मृत्यु का शराब से किसी प्रकार का कोई भी संबंध नहीं है । स्थानीय पुलिस द्वारा भी यह बताया गया कि इस मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पा रही है,इसकी उम्र लगभग 66 वर्ष के आस पास है, शरीर जर्जर अवस्था में है तो हो सकता है अत्यधिक गर्मी, हीट स्ट्रोक के कारण इसकी मृत्यु हो गई हो। लेकिन अब यही तो सही मौत का मामला समझ नही आ रहा है की ये मौत गर्मी की वजह से है य फिर शराब पीने के चलते हुयी है । लेकिन अब तो खुलाशा केवल मेदिकल कलेज की पीएम आख्या पर हो पायेगा ।

# एनआरएलएम समूहों के बैंको से क्रेडिट लिंकेज किया जाये: डीएम



**बांदा।** जिलाधिकारी बाँदा श्रीमती जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक के शाखा प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना, अन्य ऋृण सम्बन्धी योजनाओं एवं एनआरएलएम समूहों के बैंको से क्रेडिट लिंकेज किये जाने के सम्बन्ध में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत बैंको में लम्बित आवेदनों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित बैंक के प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन पत्रों का गहनता से परीक्षण करते हुए आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण कराने में सहयोग करते हुए शीघ्र निस्तारण करने की कार्यवाही करें। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खातों को प्राथमिकता पर खोले जाने तथा समूहों को सीसीएल के आवेदनों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित बैंक शाखा के प्रबन्धकों को दिये। उन्होंने पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश बैंक प्रतिनिधियों को दिये। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को सीएसआर फण्ड से शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए बच्चों के हितों में कार्य किये जाने हेतु सहयोग प्रदान किये जाने के निर्देश दिये।बैठक में सामान्य प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, लीड बैंक मैनेजर एवं सम्बन्धित योजनाओं के अधिकारीगण तथा बैंकर्स उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग महिला हुई टप्पेबाजी का शिकार

**बांदा।** प्रदेश की योगी सरकार में जहां जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जहां माफियाओं और अपराधियों पर कार्यवाही का कार्य लगातार जारी है। वहीं दूसरी ओर बेखौफ बदमाशों द्वारा आये दिन छिनैती व टप्पेबाजी की घटनाओं को खुलेआम अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की सुबह बुजुर्ग महिला के हाथ से कंगन को पुलिस कर्मी बनककर उतरवा लिये और लेकर फरार हो गये।जानकारी के अनुसार सोमवार 10 बजे राजकुमारी पत्नी सुरेश निवासी कालूकुंआ से फिजीयोथ्रोफी कराने ई-रिक्शा से आ रहीं थीं मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति मयूर टाकीज रोड प्यारे मस्जिद के सामने रिक्शा रुकवा के अपने को पुलिस वाले बताकर कार्ड दिखाकर महिला के हाथ का कंगन उतरवा के रखने को बोले और एक सफेद पेज मे प्लास्टिक की चूड़ी बदलकर सोने के चार कंगन एक अंगूठी लेकर भाग गए गाड़ी काली रंग की है आगे वाला व्यक्ति हेल्मेट लगाया है पिछे वाला सफेद शर्ट पहने है।

# ज्योतिबा फूले व सावित्रीबाई के जीवन पर आधारित फिल्म के विरोध में आप का प्रदर्शन

### डीएम को संबोधित ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा

**बांदा।** महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में आम आदमी पार्टी के ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्टपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। डीएम को दिये ज्ञापन में आप नेताओं ने कहा है कि हाल ही में महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के महान जीवन और संघर्षों पर आधारित एक महत्वपूर्ण फिल्म पर केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत सेंसर बोर्ड द्वारा रोक लगाई गई है। यह रोक न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है, बल्कि हमारे देश के महान समाज सुधारकों की विचारधारा को दबाने का भी प्रयास प्रतीत होती है। महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने सदियों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और शिक्षा, नारी सशक्तिकरण तथा समतामूलक समाज की स्थापना के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनकी जीवन यात्रा को जनमानस तक पहुँचाना आज के समय की आवश्यकता है ताकि देश के युवा उनके विचारों से प्रेरणा ले सकें। उत्तर प्रदेश की जनता, इस अन्यायपूर्ण रोक का विरोध करते हैं और माननीय राष्टपति महोदया से निवेदन करते हैं कि सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्म पर लगाई गई रोक को तुरंत हटाने का निर्देश दिया जाए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इतिहास के सही चित्रण को सुनिश्चित किया जाए। ऐसे महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने में सरकार सकारात्मक भूमिका निभाए। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश सचिव सोशल मीडिया पंकज सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता भूपेंद्र शुक्ला, जिला महासचिव डाक्टर अमित कुशवाहा, नगर अध्यक्ष रमाशंकर गुप्ता, यूथ विंग सचिव राजू आर्य, बबेरू विधानसभा अध्यक्ष माखनलाल तिवारी, डा. गौरव शुक्ला ,महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राबिया बेगम, कोषाध्यक्ष राजकुमार सविता तथा अन्य साथी मौजूद रहे।

# एडवांस्ड एआई डेवलपमेंट एवं अनुसंधान चुनौतियाँ विषय पर आनलाइन एफडीपी कार्यक्रम का आयोजन







**बांदा।** राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं आईईईई छात्र शाखा के संयुक्त तत्वावधान में एडवांस्ड एआई डेवलपमेंट एवं अनुसंधान चुनौतियाँ विषय पर एक सप्ताहीय आनलाइन एफडीपी कार्यक्रम का उद्घाटन 21 अप्रैल 2025 को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 275 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें विदेशों से भी प्रतिभागी शामिल हैं। यह इस बात का संकेत है कि यह कार्यक्रम न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उपयोगिता और गुणवत्ता के लिए मान्यता प्राप्त कर रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. जय प्रकाश पांडेय (माननीय कुलपति, एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ) ने करते हुए प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रारंभिक विकास से लेकर वर्तमान स्व-प्रशिक्षण क्षमताओं तक की यात्रा को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि पहले ए-1 को बड़े डाटासेट्स और मैनुअल लेबलिंग की सहायता से प्रशिक्षित किया जाता था, जबकि अब मशीनें स्वयं अनुभव से सीखने और अपने मॉडल्स को अपडेट करने में सक्षम हो गई हैं। उन्होंने ।प् की इस प्रगति को एक तकनीकी क्रांति करार दिया, जो आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, एवं औद्योगिक क्षेत्रों में परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगी। उन्होंने प्रतिभागियों को उभरती हुई तकनीकों के प्रति सजग रहने और नवाचार को बड़ावा देने की प्रेरणा दी। प्रारंभिक सत्र में एचबीटीयू कानपुर के प्रो. रघुराज सिंह ने ष्नॉलेज बेस्ड सिस्टम्स की संरचना एवं कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समझाया कि ज्ञान-आधारित प्रणालियाँ कैसे संरचित होती हैं। जिनमें मुख्यतः नॉलेज बेस, इंफरेंस इंजन और यूड़र इंटरफेस शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि इन सिस्टम्स में विशेषज्ञों से प्राप्त जानकारी को एक नियम-आधारित ढांचे में संग्रहित किया जाता है, जिसे कंप्यूटर निर्णय लेने में प्रयोग करता है। उन्होंने इस तकनीक के अनुप्रयोगों पर भी प्रकाश डाला, जैसे चिकित्सा निदान, औद्योगिक नियंत्रण, तथा विशेषज्ञ सलाहकार प्रणाली। साथ ही, उन्होंने ।प् के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया और तकनीकी दृष्टिकोण से इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी ने वर्चुअल मीटिंग्स और ऑनलाइन लर्निंग को अत्यधिक गति दी, जिससे आज इस प्रकार के आनलाइन ए-1 कार्यक्रम संभव हो पाए हैं।

द्वितीय सत्र (दोपहर उपरांत) में आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संजय कुमार सिंह द्वारा सत्र लिया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। प्रो. सिंह ने मेडिकल इमेज प्रोसेसिंग, रोग की प्रारंभिक पहचान, डाटा एनालिटिक्स आधारित निर्णय प्रणाली और वर्चुअल हेल्थ असिस्टेंट्स जैसे विषयों पर गहन जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि एआई किस प्रकार से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, तेड़ और सटीक बना रहा है, विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में। इस उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. शिव प्रसाद शुक्ल (निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा) की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने कार्यक्रम की अवधारणा की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के संयोजक डा. विभाष यादव प्रधान, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, एआई बांदा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। डा. अशुतोष तिवारी, डा. मनोज कुमार सिंह, सोनाली पांडेय, अभिषेक के. यादव, नेहा संगवार, इंद्रा कुमार सिंह, डा. अनुराग चौहान, अंकुश के. राजपूत, शांतनु शुक्ला, डा. ज्ञान सिंह, साधना यादव एवं श्रीमती निकिता गुप्ता ने आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के पहले दिन का समापन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और प्रतिभागियों को एआई के गहन पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई।

## » न्यूज कैप्सूल »

### विवाद के दौरान गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुआँघोषी में किसी बात को लेकर दो ग्रामीणों के बीच उत्पन्न हुए विवाद में जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित दबंग ने विपक्षी को मौके पर दबोचकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर रास्ते पर पड़े हुए पत्थर को उठाकर उसे मार कर घायल कर दिया। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दबंग विपक्षी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम कुआँघोषी निवासी चंद्रभान सिंह पुत्र रूप सिंह ने कोतवाली महरौनी पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 20 अप्रैल 2025 को शाम करीब 3ः00 बजे वह अपने काम से जा रहा था। इसी दौरान जब वह गांव के बाहर स्थित से मैरिज गार्डन के सामने मौजूद था, उसी समय उसका विवाद उसके ही गांव में रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी गोविंद सिंह पुत्र नारायण सिंह से हो गया था। जिसके चलते दोनों के बीच जमकर हुई कहासुनी से आक्रोशित विपक्षी गोविंद ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर रास्ते पर पड़े हुए पत्थर को उठाकर उस पर प्रहार कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुआ। कोतवाली महरौनी पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद विपक्षी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) 125 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### भैंस चराते समय पुत्र के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ोखरा में भैंस चराते समय ग्रामीण के पुत्र के साथ दबंग विपक्षियों ने गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर सभी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

ग्राम बड़ोखरा निवासी जगदीश पुत्र नंदू जोशी ने थाना बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 10 अप्रैल 2025 को दिन में करीब 11ः00 उसका 12 वर्षीय पुत्र नितेश गांव के बाहर चेक डैम पर अपनी भैंस को चराने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान पुराने विवाद के चलते गांव में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी जागेश्वर उसकी पत्नी राजकुमारी उसकी पुत्री रुक्मणी के साथ धीरज पुत्र महेश ने उसके पुत्र को मौके पर दबोच लिया और उसके साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए लात घुसा लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बानपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित के पिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी दंपति सहित उसकी पुत्री एवं अन्य के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### पुत्र तथा पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवगढ़ में किसी बात को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में दबंग विपक्षियों ने एक ग्रामीण की पत्नी और उसके पुत्र को मौके पर दबोचकर गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर पुलिस ने दो नामजद विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम देवगढ़ निवासी माखन सिंह पुत्र देव सिंह यादव ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 19 अप्रैल 2025 को रात्रि करीब 8ः00 बजे उसकी पत्नी का विवाद उसके ही पड़ोस में रहने वाले उमेश कुमार तिवारी सहित दो बिपक्षियों से हो गया था। इस दौरान उसकी पत्नी और विपक्षियों के बीच कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षी उमेश कुमार तिवारी ने अपने एक साथी के बल पर उसकी पुत्र तथा पत्नी को मौके पर दबोच लिया और उनके साथ सरेआम गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। थाना जाखलौन पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों ही आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### एक बार फिर गौरांवित होगा जनपद

ललितपुर। संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति एच ई मिस्टर जेम्स डेविड वेस दिनांक 23 अप्रैल 2025 को आगरा स्थित ताज महल देखने आ रहे हैं। इस दौरान देश की विभिन्न लोक कला एवं संस्कृति से भी रूबरू होंगे। प्रदेश सरकार द्वारा अमेरिका के उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर उनके स्वागत में व्यापक तैयारियां की जा रहीं हैं। इसी उपलक्ष्य में जनपद के बुंदेली सम्राट लोक कला संस्था के मोहिनी मोहिनी ग्रुप को 12 सदस्यीय दल के साथ बुंदेली सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु शासन द्वारा आमंत्रित किया गया है। यह कलाकार जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में दिनांक 23 अप्रैल 2025 को आगरा में अमेरिका के उपराष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुति देंगे। ज्ञातव्य हो जितेंद्र कुमार द्वारा इससे पूर्व आगरा में पधारे संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रम्प के आगमन पर भी प्रस्तुति दे चुके है। जितेन्द्र द्वारा बताया गया कि इस दल में मोहिनी, नैन्सी, सुंदरम विश्वकर्मा, दीपिका राजा, स्वाति, प्रियंका, करन सेन, केहर, जीवन, बलराम आदि प्रस्तुति देंगे।

# अपने हक के लिए एक बार फिर गरजे दिव्यांग

### सरकारी कार्य कराने में हो रही परेशानी के साथ पिछले करीब आठ माह से पेंशन ना आने से आक्रोशित हुए दिव्यांग

### बुंदेलखंड विकलांग फाउंडेशन संस्था के बैनर तले क्लैक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन देकर दिव्यांगों की परेशानियों का समाधान करने की उठाई मांग





**ललितपुर।** जनपद में अपने हक के लिए एक बार फिर दिव्यांगों ने हुंकार भरी और बुंदेलखंड विकलांग फाउंडेशन संस्था के बैनर तले क्लैक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही अपना कमा कराने हेतु सरकारी कार्यालय में हो रही परेशानी के साथ-साथ जनपद के करीब आठ सैकड़ा दिव्यांगों की रुकी पेंशन दिलाने की मांग उठाई। इसके साथ ही उन्होंने शासन प्रशासन को यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया जाता, तो वह वृहद धरना प्रदर्शन आंदोलन करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

सोमवार को जनपद के दिव्यांग बुंदेलखंड विकलांग फाउंडेशन संस्था के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सरकारी कार्यालय में अपने काम कराए जाने में हो रही परेशानियों के साथ-साथ जनपद के करीब 8 सैकड़ा दिव्यांगों को पिछले 8 माह से पेंशन न मिलने के संबंध में अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान सभी दिव्यांगों ने जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए शासन प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की और अपनी मांगों को पूरा करने के लिए हुंकार भरी। जनपद के दिव्यांगों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि जनपद के करीब आठ सैकड़ा दिव्यांगों को पिछले 8 माह से पेंशन नहीं मिली है, जिस कारण उन्हें अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं दिव्यांगों का आरोप है कि वह कई बार पेंशन की जानकारी करने के लिए संबंधित कार्यालय के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन दिव्यांग अधिकारी उन्हें जानकारी नहीं देते। इसके साथ ही उनके साथ अभद्रता भी करते हैं। चुकी दिव्यांगजन आने-जाने में असमर्थ हैं इसके बाद भी पेंशन की जानकारी हेतु जिला कार्यालय के बार-बार चक्कर लगा रहे हैं और कार्यालय में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उन्हें सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही। कई दिव्यांग जनों की तो बिना सर्वे के ही पेंशन काट दी गई, जिस कारण वह पेंशन पाने के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं। इसके साथ ही उनका आरोप है कि जब वह अपना काम करने के लिए सरकारी कार्यालय में जाते हैं तो उन्हें सम्मान पूर्वक नहीं देखा जाता, बल्कि उन्हें वहां से दुत्कार कर भगा दिया जाता है। इस ज्ञापन के माध्यम से जनपद के दिव्यांगों ने जिला प्रशासन से अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग उठाई। इसके साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी सुनवाई नहीं होती है, तो वह सार्वजनिक स्थल पर धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए वाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। दिए गए ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष बाल किशन प्रजापति के साथ बबलू कुशवाहा दामोदर जगत कारण अनिल जमुना प्रसाद रामगोपाल तिलक सहित दो दर्जन से अधिक दिव्यांगों के हस्ताक्षर बने हुए हैं।

# हर घर नल योजना के तहत शहरी इलाके में डाली जा रही पाइप लाइन के कर्मचारियों की करतूत उजागर

### रात्रि में पाइप लाइन डालने आए कर्मचारी टेलीफोन लाइन की फाइबर लाइन को काटकर ले जाने से संचार सेवाएं ठप्प

### लाइन काट कर ले जाने का सीसीटीवी में कैद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**ललितपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पाइप पेयजल योजना के माध्यम से पाइपलाइन डालने का काम ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है। इसी सिलसिले में शहरी इलाके में भी पाइपलाइन डाली जा रही है, लेकिन पाइपलाइन डालने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों की काली करतूत उजागर हुई है। शहरी इलाके में पाइप लाइन डालने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों ने वहां पर पड़ी हुई दूरसंचार की फाइबर लाइन को काट दिया और अपने साथ लेकर चले गए, जिस कारण इलाके की संचार सेवाएं थप्पड़ पड़ी हुई है। कर्मचारियों द्वारा फाइबर लाइन काटने और साथ ले जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिविल लाइन इलाके गुरु नानक धर्मशाला के पास पाइप पेयजल योजना के तहत हर घर तक शुद्ध जल पहुंचने के उद्देश्य कार्यदाई संस्थाओं द्वारा इलाके में पाइप लाइन डालने का काम कराया जा रहा है। इस इलाके में पाइप डालने के लिए कार्रवाई संस्था के कर्मचारियों द्वारा सड़क खोदकर पाइपलाइन डाली जा रही है। बताया गया है कि गुरुनानक धर्मशाला के पास सड़क को खोदकर पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है। रविवार को पाइप लाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई की गई और देर रात्रि में ठेकेदार के कर्मचारी पाइप लाइन डालने के लिए आए तो, लेकिन वहां पर पहले से प?ी हुई दूर संचार कंपनी की महंगी फाइबर लाइन को देखकर उनकी नियत डोल गई। इस दौरान उन्होंने रात्रि में पाइप लाइन तो नहीं डाली, बल्कि वहां पर पहले से डाली हुई दूर संचार कंपनी की फाइबर लाइन को काट दिया और अपने साथ लेकर रफू चक्कर हो गए। जब कार्यदायी संस्था के कर्मचारी उक्त घटना को अंजाम दे रहे थे, तभी यह घटना वहां लगे हुए सीसीटीवी में कैद हो गई, जो बाद में सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। दूर संचार कंपनी की फाइबर लाइन काटने से इलाके की संचार सेवाएं ध्वस्त हो गई हैं और लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। इस मामले में देखने वाली बात है होगी कि जब कर्मचारियों द्वारा फाइबर लाइन काट कर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, तो अब जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या ठोस कार्रवाई अमल में लाते हैं, या फिर इस मामले को यूं ही ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## गाँव में खेलते समय अचानक पैर फिसलकर कुयें में गिरने दो मासूम भाइयों की हुई मौत

### सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने दोनों को किया मृतक घोषित

### बच्चों की मौत से बीरान हुए परिवार में मचा कोहराम

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चांदपुर में एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें परिवार में कोहराम मच गया और गांव वालों की आंखें नं हो गई हैं। घर के बाहर खेलते समय दो मासूम सगे भाईयों के अचानक पैर फिसलने से कुएं में गिर गए और उनकी पानी में डूब कर मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट में डाक्टरी परीक्षण के दौरान दोनों को मृतक घोषित किया गया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। दोनों बच्चों की मौत से वीरान हुए परिवार में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चंद्रपुर निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ गांव में ही रहता था और उसकी खेती किसानी गांव के बाहर है जहां पर वह कृषि संबंधी कार्य के लिए गया हुआ था। बताया गया है कि सोमवार को जितेंद्र विश्वकर्मा अपनी पत्नी और 7 वर्षीय सूर्यांश एवं 9 वर्षीय दिव्यांश के साथ खेत पर कृषि संबंधी कार्य कर रहा था और उसके दोनों बच्चे वहीं पर खेल रहे थे। जानकारी मिली है कि दोनों बच्चे कुएं के पास खेलते हुए पहुंच गए और अचानक उनका पैर फिसल गया, जिस कारण दोनों ही बच्चे पानी से भरे कुएं में जा गिरे। दोनों बच्चों के कुएं में गिरने की सूचना पर माता-पिता कुएं के पास पहुंची और चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया।

# शहरी इलाकों में घरों के बाहर ड़डी गाड़ियों से पेट्रोल निकलने वाला गैंग सक्रिय

### रात्रि के समय घर के बाहर रखी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालने का वीडियो सीसीटीवी में कैद

### पुलिस पड़ताला में जुटी



**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शहरी इलाके में देर रात्रि सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल उस समय खुलती नजर आई, जब घरों के बाहर खड़ी हुई गाड़ियों से पेट्रोल निकलने वाली गैंग का सीसीटीवी के माध्यम से पर्दाफाश हुआ। सीसीटीवी में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि मोहल्ला में खड़ी हुई गाड़ियों में से किस तरह तथाकथित लोग पेट्रोल निकालने का काम कर रहे हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस गस्त मजबूत करने का दावा कर रही है और आरोपियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का भी दावा कर रही है। बताया गया है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला आजादपुर नई बस्ती में कुछ तथाकथित अज्ञात बदमास किस्म के लोग एक गैंग के रूप में काम कर रहे हैं, जो घरों के बाहर रात्रि में खड़ी हुई गाड़ियों से डीजल पेट्रोल निकलते हैं। हालांकि कई बार लोगों को यह आभास तो हुआ था, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी थी। क्योंकि रात में कई लोगों ने अपनी गाड़ियों में डीजल पेट्रोल भरवा कर घर के बाहर खड़ा कर दिया और सुबह जब उठकर देखा तो उनकी टंकी खाली पाई गई। लेकिन जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, तब यह स्पष्ट हो गया है कि कुछ तथा कथित चिंदी चोर किस्म के अपराधी घरों के बाहर खड़ी हुई गाड़ियों से देर रात्रि में डीजल पेट्रोल की चोरी करते हैं। इस मामले में देखने वाली बात है होगी कि जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, तब पुलिस इस मामले में कितना ठोस कदम उठाती है और अपराधियों पर किस तरह लगाम लगाने का काम करती है।

## काशीराम कॉलोनी के साथ-साथ जिला चिकित्सालय में मारपीट करने वाले दबंग पिता पत्र पर मामला हुआ दर्ज

### विवाद में दबंगों ने वृद्धा के साथ उसकी बेटी और दामाद के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी थी धमकी

### बुजुर्ग महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में कराया गया था भर्ती

**ललितपुर।** शहर के बाहरी इलाके में स्थित कांशीराम कालोनी में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला के साथ-साथ उसकी बेटी और दामाद को विवाद के चलते उसी इलाके के दबंग पिता पुत्र ने उसके ही घर के साथ-साथ जिला चिकित्सालय में घुसकर गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। उक्त मामले में बुजुर्ग महिला की पुत्री ज्योति पत्नी छोटू द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दबंग बिपक्षियों पिता पुत्र के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस ने मामला पंजीकृत कार्यवाही की है।

आरएमबी कॉलेज के पास स्थित काशीराम कॉलोनी में रहने बाली 60 बर्षीय मक्खन पत्नी श्रीपत के साथ उससे मिलने शनिबार को उसकी पुत्री ज्योति अपने पति छोटू निवासी पिसनारी बाड़ के साथ मोहल्ले में ही रहने वाले दबंग आपराधिक प्रवृत्ती के गजेंद्र सिंह और उसके पिता राजेंद्र उर्ड़ राजू ने सरेआम गाली गलौज करने की। इतना ही नहीं जब बृद्धा के दामाद ने दबंग विपक्षी की इस हरकत पर विरोध जताया, तो दबँगों ने दामाद के साथ उसकी बेटी ज्योति और बुजुर्ग महिला को दबोचकर लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। आरोप है कि गजेंद्र ने बुजुर्ग महिला पर सरिया से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे हाई उसका एक हाथ फैक्चर हो गया और पैर भी जख्मी हो गया। मारपीट में जब बुजुर्ग महिला लहू-लुहान होकर

जमीन पर धराशाई हो गई थी। बताया गया है कि जब सदर कोतवाली पुलिस ने महिला की एमएलसी करने एक महिला और पुरुष कांस्टेबल को जिला चिकित्सालय भेजा, तब दबंग पिता पुत्र वहां भी आ धमके और सिक्योरिटी के अभाव में दोनों ही दबंगों ने इमरजेंसी वार्ड में घुसकर वहां महिला पर राजीनाम का दावा बनाते हुए उसके साथ पुनः मारपीट की, तब मेडिकल स्टाफ और पुलिसकर्मी मूक दर्शक बनकर देखते रहे। जिसकी बात सदर कोतवाली पुलिस ने दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों ही आरोपियों के खिलाफ 333, 352, 115(2), 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## पति की मौत के बाद शादी होने पर धोखेबाज देवर अपनी गर्भवती पत्नी और एक बच्ची को छोड़कर हुआ फरार

**ललितपुर।** एक महिला पर मुसीबत का पहाड़ कुछ इसकदर टूटा, कि पहले तो उसकी पति की मौत हो गई और उसके बाद उसे आसरा देने वाले देवर ने भी उसके साथ धोखेबाजी की। पति की मौत के बाद देवर ने महिला से शादी की और मुआवजे के रूप में मिले पांच लाख रूपये और स्त्री धन लेकर कुछ ही समय बाद अपनी गर्भवती पत्नी को छोड़कर रफुचककर हो गया। उक्त घटना को लेकर पीड़िता देवर( दूसरा पति ) पर कार्रवाई हेतु दर-दर भटक रही है। इस मामले को लेकर पड़ता ने डीएम एसपी को ज्ञापन देकर देवर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करते हुए नगदी और जेवरात दिलाने की मांग उठाई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना पाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरोदिया राइन निवासी मुसीबत की मारी गरिमा (बदला नाम) पत्नी अभिषेक ( दूसरा पति ) ने सोमवार को डीएम एसपी कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि दिनांक 7 नवंबर 2024 को उसके पति अनुज पुत्र ओम प्रकाश की विद्युत करंट लगने से आकशमिक मौत हो गई थी। चुकी उसके पहले पति से उसकी एक डेढ़ साल की बच्ची भी है, इसीलिए वह अपनी ससुराल में रह रही है। इसी दौरान उसे अपनी पति की मौत पर शासन द्वारा पांच लाख रुपए के मुआवजे की धनराशि मिली थी, जो उसके बैंक खाते में जमा कराई गई थी। इस दौरान उसके देवर अभिषेक उसे पर बुरी नियत रखता था, जिसने अपनी मीठी-मीठी बातों में उसे फसाया और कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। इसके बाद जब वह गर्भवती हो गई, तब अभिषेक ने लोक लाज के डर से माह फरवरी 2025 में उससे मंदिर में विवाह संपन्न कर सभी के सामने अपनी पत्नी के रूप में अपना लिया था।

# महात्मा ज्योति फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले जी के जीवन पर आधारित फिल्म पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

क्8( ज्ञापन देती आम आदमी पार्टी)

### क्लैक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर देश की महामहिम को संबोधित कर डीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक को तत्काल हटाने व फिल्म को बिना काटे रिलीज करने की उठाई मांग

**ललितपुर।** देश के आम नागरिकों के साथ-साथ खास तौर पर नौजवानों को महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्रीबाई फुले जी के जीवन पर एक फिल्म बनाई गई थी, जिसके माध्यम से दोनों के जीवन के बारे में आम लोगों को जानकारी दी जानी थी। लेकिन इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चली और रिलीज करने पर रोक लगा दी गई। इसी मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने हूंकार भरी और कचहरी परिसर से लेकर क्लैक्ट्रेट परिसर तक जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित कर जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि सेंसर बोर्ड फिल्म के कुछ दृश्य को काटकर उसे अर्थ बिहीन करने का आरोप लगाते हुए बिना कटे हुए फिल्म रिलीज करने की मांग उठाई। बताया गया है कि इस फिल्म से देश के युवाओं को एक नई दिशा मिलेगी।

सोमवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी की अगवाई में पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर कचहरी परिसर में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने सेंसर बोर्ड द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जी एवं माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित बनी हुई फिल्म के रिलीज रोक लगाने पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान सभी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कचहरी परिसर से लेकर क्लैक्ट्रेट परिसर तक जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। क्लैक्ट्रेट परिसर पहुंचकर सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने देश की महान एवं राष्ट्रपति महोदय को संबोधित कर जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि देश के आम लोगों के साथ-साथ देश के नव युवकों को दिशा देने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्रीबाई फुले जी के जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई गई थी, जो रिलीज होने वाली थी। लेकिन इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड ने आपत्ति लगाकर उसे रिलीज होने से रोक दिया यह भी आरोप लगाया गया है कि सेंसर बोर्ड इस फिल्म में फिल्म आए गए महत्वपूर्ण देशों को काटकर इसे अर्थहीन कर रिलीज करना चाहता है।

# अनदेखी: रेलवे स्टेशन तालबेहट में अव्यवस्थाओं का बोलवाला

**स्टेशन में ट्रेन के बारे नहीं देता कोई जानकारी**

**स्टेशन का स्टाफ नहीं जानता है रेलवे के नियम**

**छत्तीसगड़ एक्सप्रेस आने के बाद मची अफरा तफरी**









**झांसी।** झांसी मण्डल मुख्यालय से ललितपुर की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन पर कुछ ही दूरी पर एक तालबेहट रेलवे स्टेशन है जो काफी चर्चित रेलवे स्टेशन है क्योकि वहा से अधिकतर आर्मी अफसर , जवान और काफी सिविलियन अति विशिष्ट यात्री वहां से सफर करते है। लेकिन वह स्टेशन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्टेशन परिसर में तैनात स्टाफ सिर्फ ड्यूटी करने की खानापूर्ति करते है और उन कर्मचारियों का वर्ताव तो ऐसा है जैसे उन्हें बदसलूकी करने का ठेका मिला हो। वहां का स्टाफ किसी भी यात्री को कोई भी जानकारी नहीं देता है। आलम यह है की स्टेशन पर ट्रेन आते ही अफरा तफरी का माहौल हो जाता है। ऐसी ही घटना स्टेशन तालबेहट में हुयी जैसे ही छत्तीसगड़ एक्सप्रेस ट्रेन स्टेश पर रुकी तो किसी को ये ही नहीं पता था कि कौन सा कोच कहाँ आएगा और सभी एयर कंडीशनर कोंच के गेट बंद थे और यहां तक ऐसी परतं क्लास के गेट भी बंद थे और तो और ऐसी प्रथम क्लास में रिजर्वेशन होने के बाद भी कोच का अटेण्डेंट ये कह रहा गेट नहीं खोलूंगा और टिकिट चैकर कह रहा मुझे नहीं पता यहां किसका रिजर्वेशन है। ऐसे हालात में यात्रियों का क्या होगा यह कोई नहीं जानता लेकिन तालबेहट स्टेशन का हाल काफी बेहाल है वहां कभी भी कोई भी दुर्घटना नहीं घट सकती है। इस मामले में कोई भी जवाब देने को तैयार नहीं है।

मालुम हो कि झांसी मण्डल मुख्यालय से ललितपुर की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन पर कुछ ही दूरी पर एक तालबेहट रेलवे स्टेशन है जहां पर अव्यवस्थाओं का बहुत बोलवाला है। ऐसी ही आज एक घटना हुयी है जिसमें स्टेशन पर जमकर अफरा तफरी मच गयी। घटना ये हुयी कि जैसे ही रेलवे स्टेशन तालबेहट में बिलासपुर अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस स्टेशन पर रुकी तो वहां पर अफरा तफरी माहौल हो गया क्योंकि ट्रेन के सभी कोच के गेट बंद थे यहां तक की एयर कंडीशनर प्रथम क्लास कोच का भी गेट बंद था। यात्री इधर-उधर भागने लगे। यात्रियों गेट खुलवाने की कोशिश की तब भी किसी ने गेट नहीं खोला। बड़ी मशक्कत के बाद एयर कंडीशनर प्रथम क्लास के अटेंडेंट ने गेट खोला जब तक ट्रेन जाने ही वाली थी जब यात्रयों ने उससे कहा कि ट्रेन का गेट बंद क्यों है खोला क्यों नहीं तो उसने कहा कि उसे पता नहीं है कि यहां से किसी यात्री को ट्रेन पर सवार भी होना है इसी दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ भी वहां पर आ गया जब उनसे कहा गया कि कोच का गेट क्यों नहीं खुला है तो उन्होंने कहा कि उन्हें भी जानकारी नहीं है कि यहां से किसी यात्री को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पर सवार होना है उनकी यह भाषा किस हद तक सही है यह तो आप ही जान सकते हैं कि उनका जवाब क्या है और इसे क्या माना जाये लेकिन सवारियों को बैठने के लिए गेट न खुला होना होना अफरा तफरी का माहौल मचा रहा था जबकि स्टेशन पर तैरना स्टाफ को भी कोई जानकारी नहीं थी कि किस स्थान पर कौन सा कोच आएगा और ना ही स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों को यह जानकारी है कि जो ट्रेन तालबेहट स्टेशन पर रुकेगी उस ट्रेन का कौन सा कोच किस स्थान पर आने वाला है वहां पर तैनात कर्मचारी ऐसा बर्ताव करते हैं जैसे उन्हें बदसलूकी करने का ठेका मिल गया हो।

इस मामले में तालबेहट स्टेशन से सवार होने वाली ऐसी प्रथम क्लास की यात्री शिवानी सिंह का कहना है कि उनका रिजर्वेशन ऐसी प्रथम क्लास पर था जब ट्रेन आई उसके पहले ना तो स्टेशन पर कोई अनाउंसमेंट हुआ और ना ही कोई जानकारी थी। ट्रेन आ गई वह गेट खुलवाने के लिए इधर-उधर दौड़ी लेकर किसी ने कोच का गेट नहीं खोला बड़ी मुश्किल के बाद कोच के अटेंडेंट ने गेट खोला और बोला कि उसे कोई जानकारी नहीं है यहां से किसी यात्री को सवार भी होना है अगर गेट नहीं खुलता तो ट्रेन वहां से चली जाती उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस मामले में रेलवे पी आर ओ मनोज कुमार सिंह से जानकारी गयी तो उन्होंने कहा कि ऐसी घटना नहीं हुयी है अगर ऐसा है तो जानकारी करवाकर जांच करायेगें।

### स्टेशन पर एलाउंसमेंट की कोई सुविधा नहीं

तालबेहट रेलवे स्टेशन पर एलाउंसमेंट की कोई सुविधा नहीं है वहां पर कोई भी ट्रेन किसी भी समय आ जाती है जिसकी यात्रियों को कोई जानकारी नहीं होती है कि कौन सी ट्रेन कब आएगी और कब जाएगी इस मामले में वहां पर तैनात स्टाफ कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है जबकि स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर भी यात्रियों से बदसलूकी करते रहते हैं किसी भी यात्री का कोई जवाब देना उचित नहीं समझते अगर कोई यात्री उनसे कोई जवाब भी मांगता है तो वह गलत भाषा में जवाब देते हैं।

### कौन सा कोच कहां पर आएगा कुछ पता नहीं

तालबेहट स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि जो भी ट्रेन स्टेशन पर रूकती है उस ट्रेन का कोच किस स्थान पर आएगा यह किसी को पता नहीं रहता और ना ही स्टेशन पर यह सुविधा है कि पता चल जाए की ट्रेन का कोच किस स्थान पर आना है जबकि वहां पर ट्रेन रुकवाने के लिए राजनेता काफी मशक्कत करते हैं और ट्रेन रुकवा भी लेते हैं लेकिन यात्रियों की सुविधाओं का कोई ध्यान नहीं रखा जाता तालबेहट रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन अति विशिष्ट यात्री सफर करते हैं जिन्हे काफी दिक्क्तों का सामना करना पड़ता है।

# गरौठा: खनन माफियाओं की चल रही दहशतगर्दी





**प्रतापपुरा बालू घाट का मामला, दबंगई के चलते बालू का चल रहा अवैध खनन**

**बेखौफ सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे ओवरलोड ट्रक**

**अब तक ओवरलोड वाहनों से कईयों की गई जानें**

**नदी की जलधारा रोककर बना लिया अवैध पुल**

**झाँसी।** तहसील गरौठा के प्रतापपुरा में अवैध खनन का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है खुलेआम खनिज विभाग के नियमों को ताक पर रखकर खनिज कारोबार में लिप्त दबंग लोग धड़ल्ले से अवैध खनन का कारोबार कर रहे हैं। वहीं, अवैध बालू से लोड ट्रकों ने उक्त रास्तों में कई लोगों की जानें भी ले चुका हैं। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन के अफसर मूकदर्शक बने हुए हैं।

तहसील गरौठा में अवैध बालू खनन एवं गिट्टी से भरे हुए ओवरलोड ट्रक बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर खनिज विभाग द्वारा गरौठा तहसील के ग्राम प्रतापपुरा में बालू घाट जारी किया हुआ है, जहां बालू कारोबारी द्वारा मानक के विपरीत कार्य किया जा रहा है। नदी की कोख को खोदकर बड़ी-बड़ी मशीनों द्वारा बालू निकाली जा रही है, जिस भूमि का पट्टा दिया गया था। वहां पर मानक के खिलाफ कार्य हो रहा है, क्योंकि ना तो वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### बिना रॉयल्टी के निकल रहे हैं ओवरलोड वाहन

लोगों का कहना है कि दबंग लोग उक्त बालू घाट से चोरी छुपे अवैध खनन कर रहे हैं। वहीं बालू से भरे ओवरलोड वाहन बिना रॉयल्टी के निकले जा रहे हैं जिससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। वाहन चालकों से पूछताछ करने पर पता चला कि दबंग लोग मानक के विपरीत अवैध खनन करने में लगे हैं और इनके तार ऊपर तक जुड़े हुए हैं, जिससे प्रशासन भी कार्रवाई करने से कतराता है।

### पुल का निर्माण कर अवैध खनन जारी

स्थानीय निवासियों का कहना है कि झांसी जिले की सीमा से लगे हमीरपुर जिले की सीमा में नदी की जलधारा को रोक कर उसे मोड़ दिया है, अब उस पर पुल का निर्माण कर हमीरपुर जिले में भी अवैध खनन का कार्य जारी है आखिर इस अवैध खनन पर खनिज विभाग के आला अधिकारी कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं इससे स्पष्ट होता है की खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से उक्त बालू घाट पर राजस्व के रूप में शासन को खासा चूना लगाया जा रहा है और अवैध खनन करने वाले बालू माफिया मालामाल होते नजर आ रहे हैं।

### मेरी जेब में है खनिज व प्रशासन के अफसर ?

**अवैध बालू का खनन करने वालों की दबंगई जारी है। इनका कहना है कि नीचे से लेकर ऊपर तक के अफसर उनकी जेब में है। खनिज और प्रशासन के अफसरों को मोटी रकम देना पड़ रही हैं। यहीं कारण है कि वह खुलेआम बालू का अवैध खनन करेंगे, क्योंकि नेता भी इसी बालू खनन से जुड़े हैं। उनको भी हिसाब देना पड़ता है।**

# बेईमान बलमा: रोजगार पाने के को मुंबई व दिल्ली में बसने पर मजबूर

**बुंदेलखंडी दुल्हनों की बड़ी मुश्किलें, घर छोड़ने को मजबूर**

**महिला थाना में बढ़ने लगीं दुल्हनों की शिकायतें, अब तक आ चुके दस मामले**

**झांसी।** शादी करके पत्नी को माता-पिता की सेवा के लिए घर छोड़कर मुंबई व दिल्ली में बसने का चलन बुंदेलखंड में बढ़ता जा रहा है। थानों में लगातार इस तरह की शिकायतें पहुंच रही हैं। दो दुल्हनों की शिकायतों से शुरु हुआ सिलसिला अब तक दस तक पहुंच गया है। दूसरी तरफ शिकायतों के आधार पर पुलिस की सख्ती के चलते अभी तक दो दूल्हे घर वापसी कर चुके हैं, जबकि दो दूल्हों को एक सप्ताह के अंदर वापस लेकर आने की प्रक्रिया जारी है।

शादी को एक साल से दस साल तक बीते

पीड़ित दुल्हनों के मुताबिक शादी के बाद उन्हें घर पर छोड़कर उनके पति मुंबई व गुरुग्राम भाग गए हैं। वहां जाकर उन्होंने पत्नी के साथ संपर्क भी खत्म कर दिया है। इनमें एक साल से लेकर दस साल तक शादी की अवधि पूरी कर चुकी महिलाएं हैं। इनमें एक रेलकर्मचारी महिला भी पीड़ित हैं। अब पुलिस से इनमें से कई महिलाओं ने अपने पति व ससुराल पक्ष वालों से पीछा छुड़ाने तक की गुहार लगाई है।

### इन स्थानों की पीड़ित महिलाएं

इन पीड़ितों में रेलवे कर्मचारी, मोंठ, चिरगांव, मऊरानीपुर, झांसी, गरौठा आदि स्थानों की महिलाएं शामिल हैं। ज्यादातर तालपुरा और मऊरानीपुर की महिलाएं हैं।

### रोजगार न मिलने के बहाना बना रहे हैं दूल्हे

युवाओं का कहना है कि बुंदेलखंड में रोजगार नहीं है। शादी तो कर ली, लेकिन बीबी का कहां से खिलाएंगे। यहां पर रोजगार नहीं है इसलिए काम धंधे के चक्कर में मुंबई और दिल्ली भाग रहे हैं। वहां रहकर वह अपना भरणपोषण तो कर लेंगे। बुंदेलखंड तो पूरी तरह से सूखाग्रस्त इलाका है। फसल कटने के बाद ग्रामीण इलाका सूनसान नजर आता है।

### दोषियों को वापस लाया जाएगा: महिला पुलिस

लोकलाज के डर से सामाजिक व पारिवारिक दवाब के कारण महिलाएं कई साल से शादियां निभा रही हैं, जबकि उनके दूल्हे भाग चुके हैं। वे अपनी पत्नियों से संपर्क भी खत्म कर चुके हैं, जो कानूनी व इंसानियत दोनों तौर पर गलत है। अब धीरे-धीरे महिलाएं शिकायत करने लगी हैं। कईऊ परिवार और दूल्हे वापसी के लिए समय मांग चुके हैं। हर एक ऐसे दोषी को वापस लाया जाएगा।

# रक्षा मंत्रालय की जमीन पर निवास कर रहे लोगों को मिला नोटिस

**जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार**

**झांसी।** रक्षा मंत्रालय की जमीन पर अस्थाई निवास बनाकर रह रहे लोगों को सुनवाई का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए संपदा अधिकारी द्वारा नोटिस भेजा गया। नोटिस मिलते ही वहां रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। दर्जनों की संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय सहित जनप्रतिनिधियों की चौखट पर पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई है। सोमवार को सदर बाजार थाना क्षेत्र के कैंट एरिया गणेश मढिया मोहल्ला निवासी दर्जनों महिलाएं, बच्चे, पुरुष जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि वह लोग कैट की जमीन पर काफी लम्बे समय से रह रहे है, ओर वहां का वह लोग हाउस टैक्स, ओर विद्युत बिल भी जमा करते है, ओर केंद्र, प्रदेश ओर केंट के मतदान में हिस्सा लेकर मतदान भी करते है। उन्होंने बताया कि संपदा विभाग भोपाल से उन्हें बार बार जमीन खाली करने का नोटिस दिया जा रहा। उन्होंने बताया कि उन सभी लोगों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है, रहने को घर मकान नहीं है, अगर यह भी उनसे छीन लिया गया तो वह लोग बेसहारा हो जाएंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि उन्हें सर छुपाने को छत की व्यवस्था की जाए।

## डॉ. संदीप हुए सम्मानित, संघर्ष सेवा समिति की हुई सराहना

**झांसी।** गहोई वैश्य समाज सेवा समिति के तत्वाधान में बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गहोई वैश्य समाज के इस कार्यक्रम में समाज की विभिन्न पंचायतों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक बंधुओं को समिति द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत एवं शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, सम्मान समारोह में मैहर के जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, कटनी जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ0 संदीप सरावगी, भोगीलाल बिलैया, राजेंद्र बड़ेरिया डीएसपी पिछोर, संजय नीखरा कोषाध्यक्ष जीवाजी क्लब को सम्मानित किया गया।

# कोई विभाग अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न करता है तो सख्त कार्रवाई होगी: मंडलायुक्त

**प्रत्येक गरीब व्यक्ति को सम्बन्धित विभागीय योजना का लाभ अवश्य मिलें**

**डेटा में सम्मिलित निर्धन व्यक्ति जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे**

**महिला श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करायें**

**झांसी।** मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार आमजन के कार्यो को सुगमतापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि यदि कोई विभाग अनावश्यक व्यवधान की स्थिति उत्पन्न करता है, तो सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जीरो पॉवर्टी अभियान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित है, इसके अन्तर्गत प्रत्येक गरीब व्यक्ति को सम्बन्धित विभागीय योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। उन्होने कहा कि पोर्टल पर उपलब्ध डेटा में सम्मिलित निर्धन व्यक्ति से सम्पर्क कर उसे विभागीय योजनाओं का लाभ अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराया जाये, जिससे वह गरीब व्यक्ति जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

मण्डलायुक्त ने तीनों जनपदों के उपायुक्त एनआरएलएम को निर्देश दिये कि महिला स्वयं सहायता समूहों को रोजगार हेतु प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और यह भी निर्देश दिये कि जिन बैंकों में ऋण सम्बन्धी पत्रावलियां लम्बित है, उनकी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करते हुये प्रतिमाह ऋण सम्बन्धी पत्रावलियों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।



मण्डलायुक्त ने श्रम विभाग की समीक्षा करते हुये उप श्रम आयुक्त को निर्देश दिये कि महिला श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। उन्होने पंजीकृत श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिये अनुदान योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये।

मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की समीक्षा करते हुये उप निदेशक महिला कल्याण को निर्देश दिये कि इस योजना के अन्तर्गत जिन बच्चों को लाभ प्राप्त हो रहा है, उनका सत्यापन कराया जाये, जिससे इन बच्चों के स्वास्थ्य, पड़ाई सम्बन्धी योजनाओं का लाभ मिल रहा है अथवा नहीं, की वास्तविक अद्यतन स्थिति स्पष्ट होगी। उप निदेशक महिला कल्याण श्री श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि वन स्टॉप सेन्टर का संचालन शुरु हो गया है। मण्डलायुक्त ने समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि मनरेगा कार्यो का सत्यापन रैण्डमली करायें। उन्होने मनरेगा में मानव सृजन दिवस बड़ाने के साथ ही महिला श्रमिकों की निर्धारित सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

मण्डलायुक्त ने माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये पीएमश्री विद्यालयों का निर्माण कार्य, वाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण कार्य गुणवत्तापरक सुनिश्चित करायें। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त ऋषिमुनि उपाध्याय, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या एस एन त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. एल बी यादव, उप श्रमायुक्त किरन मिश्रा, उप निदेशक महिला कल्याण श्रवण कुमार गुप्ता, उप निदेशक उद्यान विनय कुमार, उप निदेशक भूमि संरक्षण, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग सहित तीनों जनपदों के उपायुक्त मनरेगा, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य सम्बन्धित मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र जनहित का सजग प्रहरी

**जन जन जागरण**

झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित

**आवश्यकता है**

दैनिक समाचार पत्र जन जन जागरण को जनपद ब्यूरो व तहसील सवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते है। जिन्हें दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने का ज्ञान हो। जहां पर प्रतिनिधि चाहिए उन स्थानों के नाम दिए जा रहे है।

**जनपद झांसी:** रक्सा, बड़ागांव, चिरगांव, मोंठ, पूंछ, ऐरच, गुरसरांय, बामौर, ककरबई, मऊरानीपुर, टहरौली, टोड़ीफतेहपुर, रानीपुर, सकरार, आदि।

**जनपद ललितपुर:** तालबेहट, पूराकलां, बांसी, बार बानपुर, महरौनी, मड़ावरा, जाखलौन, जखौरा, विरधा, पाली, बालाबेहट, राजघाट आदि।

**जनपद उरई:** एट, आटा, कुठौंद, जालौन, कालपी, कोंच, कदौरा, माधौगड़, आदि।

**जनपद महोबा:** कबरई, चरखारी, खरेला, बेलाताल, श्रीनगर, जैतपुर, आदि।

**ब्यूरो प्रमुख:** जनपद हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, आगरा, इटावा, औरैया, मैनपुरी, आदि जनपदों में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।

**सम्पर्क: 9936277530, 9450071944**


स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि., मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
**संपादकः बालेन्द्र गुप्ता** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946